चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 319, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 19 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सेना के डॉक्टरों का कमाल, भारत में 7 साल के बच्चे का पहला बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**नई दिल्ली**

दिल्ली कैंट के आर्मी हॉस्पिटल आर एंड आर (एचआरआर) में हेमेटोलॉजी एंड स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन विभाग के डॉक्टरों ने भारत में पहली बार सात वर्षीय बच्चे सुशांत पौडेल का बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) किया है। इस सफल ट्रांसप्लांट ने इसी बीमारी से स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने वाले बच्चों और उनके परिवारों के लिए भी उम्मीद के नए दरवाजे खोल दिए हैं। यह एक दुर्लभ इम्यूनोडिफीसिअन्सी डिसऑर्डर है, जिसमें सेना की चिकित्सा बिरादरी को पहली सफलता हासिल हुई है। सेना अस्पताल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन ने बताया कि सिपाही प्रदीप पौडेल का 7 साल का बेटा सुशांत अक्सर बीमार रहता था। चिकित्सीय जांच के दौरान एक साल की उम्र में ही उसके एआरपीसी1बी से ग्रसित होने का पता चला, जो दुर्लभ इम्यूनोडेफिशियेंसी डिसऑर्डर है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसने उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया था। इसी कारण उसे बार-बार जीवन-घातक संक्रमण और अन्य जटिलताओं का सामना करने का खतरा हो गया था। उसे छह महीने पहले आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में रेफर किया गया था, लेकिन उनके पास मैचिंग सिबलिंग डोनर उपलब्ध नहीं था। उन्होंने बताया कि इसके बाद अस्पताल की हेमेटोलॉजी विभाग की टीम ने उपयुक्त डोनर तलाशने और सावधानीपूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने की व्यवस्था करने के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। उपयुक्त डोनर मिलने के बाद 30 नवंबर को उसकी स्वस्थ स्टेम कोशिकाओं को निकाला गया और उन स्टेम सेल्स को सुशांत पौडेल के रक्तप्रवाह में डाला गया। इसके बाद कीमोथेरेपी की हाई डोज देकर सुशांत की दोषपूर्ण कोशिकाओं को नष्ट कर दिया गया। इस प्रक्रिया का मकसद दोषपूर्ण प्रतिरक्षा कोशिकाओं को स्वस्थ कोशिकाओं से बदलना था, जिससे सुशांत पौडेल को स्वस्थ और जीवंत जीवन मिल सके।

# 'आज सरकार गरीब के दरवाजे पर खड़ी है...'


## मोदी ने दी गारंटी, तीसरी पारी में देश को बनाउंगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत

### प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 19 हजार करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

**वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से पूरे देश को इस बात की गारंटी दी है कि वो अपनी तीसरी पारी में देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाएंगे। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने काशी से ही देश को आश्वस्त किया और कहा कि किसान, महिला, युवा और गरीब-वंचित ही उनके लिए चार जातियां हैं, इन चारों जातियों के शत प्रतिशत कल्याण से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकेगा। सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने वाराणसी और पूर्वांचल को 19 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगत दी। वहीं अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री ने कई बार भोजपुरी में लोगों से संवाद भी किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सार्वजनिक जीवन में कार्य करने वाले सभी लोगों के लिए चलती फिरती यूनिवर्सिटी बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी का गौरवगान जब दुनिया करती है तो उन्हें सबसे ज्यादा खुशी मिलती है।





### जब पीएम ने काशी की लाभार्थी महिला से पूछा 'चुनाव लड़ोगी'...

#### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पीएम ने लाभार्थी महिला से किया संवाद

**वाराणसी**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हर कोई उस समय आश्चर्य चकित रह गया जब एक लाभार्थी महिला से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूछ लिया कि क्या वो चुनाव लड़ेंगी। दरअसल, सोमवार को वाराणसी के सेवापुरी ब्लॉक स्थित बरकी ग्राम सभा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में पीएम मोदी के सामने लाभार्थी महिला चंदा देवी अपने अनुभवों को साझा कर रही थीं। चंदा देवी के आत्मविश्वास से प्रभावित प्रधानमंत्री ने उनसे पूछा कि आपकी पढ़ाई कितनी हुई है। चंदा देवी ने बताया कि वो इंटर तक पढ़ी हुई हैं।

इसपर प्रधानमंत्री ने पूछा कि आप इतना बढ़िया भाषण देती हैं, क्या पहले चुनाव लड़ चुकी हैं? इसपर चंदा देवी ने इनकार किया। इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने चंदा देवी से पूछा कि क्या आप चुनाव लड़ेंगी? चंदा देवी ने कहा कि वो चुनाव नहीं लड़ेंगी मगर वो प्रधानमंत्री से प्रभावित हैं।



**पीएम मोदी ने भोजपुरी में की काशीवासियों से शिकायत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत भोजपुरी भाषा में करते हुए कहा कि "हम ए साल देव दीपावली पर ना रहली, त एदा पारी काशीवाले सब रिकॉर्ड तोड़ देहलन।" उन्होंने कहा कि शिकायत इस बात की है कि दो साल पहले मैं काशी आया था उस देव दीपावली का रिकॉर्ड भी आपने तोड़ दिया, तो घर का सदस्य होने के नाते मुझे शिकायत का अधिकार है। उन्होंने कहा कि वे महादेव की जितनी भी सेवा कर सके उन्हें कम लगता है।

### ये नया भारत मोदी की गारंटी का भारत है : योगी



**वाराणसी**

**देश में** पिछले 9 साल में जो परिवर्तन देखने को मिला है, वो हमारे विश्वास का परिवर्तन है। ये नया भारत मोदी की गारंटी का भारत है। ये नया भारत सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ बिना भेदभाव के देने की गारंटी देता है। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी गांव गांव में मोदी जी की गारंटी की गाड़ी बन रही है। जो लोग अभी तक वंचित हैं उन्हें योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के देने की गारंटी है ये नया भारत। हम 2047 तक भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाकर एक विकसित भारत बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा (ग्रामीण क्षेत्र) कार्यक्रम के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक विजय के उपरांत प्रधानमंत्री के काशी आगमन पर प्रदेशवासियों की ओर से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हम सब देशवासी एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। एक ऐसा भारत जिसपर 140 करोड़ भारतवासी गौरव की अनुभूति कर रहा है। वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनते हुए पूरा देश देख रहा है। हम सब भारतवासी इस बात के लिए अभिभूत हैं कि पहली बार गरीब किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना है। बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ और योजनाओं की जानकारी मोदी जी की गारंटी वैन के माध्यम से हमें देखने को मिल रही है।

## 'लोकसभा चुनाव आसान पर लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं'

**नई दिल्ली**

तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली जीत से उत्साहित भाजपा में लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोर पकड़ने लगी है। संगठनात्मक बैठकों के तेज हुए क्रम में बूथ स्तर पर अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचने का लक्ष्य पदाधिकारियों को थमाया जा रहा है। रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय विस्तार में दिल्ली के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष ने विकसित भारत अभियान को सभी 13 हजार बूथों तक सफलतापूर्वक ले जाने के साथ 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण अधिकाधिक घरों तक ले जाने का लक्ष्य थमाया है। मंदिर को लेकर एक से 15 जनवरी तक लोगों को आमंत्रण करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

इस बैठक में प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ ही सभी सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, विधायक और पार्षद मौजूद रहे। इस दौरान बीएल संतोष ने विकसित भारत अभियान को दिल्ली के सभी 13 हजार बूथों को संगठनात्मक शक्ति के माध्यम से ले जाकर सफल बनाने की अपील की।



## संसद की सुरक्षा में सेंध: सत्ता-विपक्ष में जमकर टकराव, अब तक 92 सांसद सदन से निलंबित

**नई दिल्ली**

बीते बुधवार को संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था। लोकसभा सदन में दर्शक दीर्घा में बैठे दो व्यक्ति ने सभी को उस वक्त चौंका दिया, जब वे अचानक वहां से कूदकर सांसदों के बीच जा पहुंचे थे। इस दौरान आरोपियों ने जमकर हंगामा किया। बीते बुधवार सदन के भीतर मौजूद दो आरोपियों में से एक आरोपी सासंदों की सीट पर जा पहुंचा था। इस घटना को देखकर वहां पर मौजूद सासंदों और सुरक्षा कर्मियों के हाथ पांव फूल गए थे। हालांकि दो आरोपियों में से एक आरोपी को वहां मौजूद सांसदों और सुरक्षा कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद पकड़ लिया था और जमकर धुनाई की थी। घटना के बाद से ही विपक्षी दल केंद्र सरकार के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। विपक्षी सांसद लगातार घटना को लेकर चर्चा की मांग कर रहे हैं। लेकिन विपक्षी सांसदों द्वारा 'कार्यवाही में व्यवधान' डालने के आरोप में अब तक 92 सांसदों को संसद की शेष शीतकालीन सत्र की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया है।

जिसके बाद से तमाम राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाएं सामने आई है। सरकार ने लोकतांत्रिक मानदंडों को कूड़े में फेंका- मल्लिकार्जुन

कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पहले घुसपैठियों ने लोकतंत्र के मंदिर 'संसद' पर हमला किया, अब मोदी सरकार सदन में इस मुद्दे पर चर्चा न करवाकर लोकतंत्र और संसद पर हमला कर रही है।



## सीएम की कुर्सी जाने के बाद दिल्ली आ रहे शिवराज सिंह



**भोपाल**

मध्य प्रदेश के सीएम की कुर्सी जाने के बाद अब शिवराज सिंह चौहान क्या केंद्र की राजनीति में कदम रखने वाले हैं। इसको लेकर अटकलों का बाजार गरम है। दरअसल, पूर्व सीएम कल दिल्ली आकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने वाले हैं। शिवराज ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए अपने दिल्ली दौरे और भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात की पुष्टि की। जानकारी के मुताबिक पूर्व सीएम मंगलवार सुबह दिल्ली पहुंचेंगे। चौहान ने कहा कि भाजपा प्रमुख नड्डा ने बैठक बुलाई है और मैं उनसे मिलने जाऊंगा।

**केंद्र में पद मिलने पर क्या बोले**

जब शिवराज से पूछा गया कि क्या केंद्रीय कैबिनेट में उन्हें पद देने को लेकर चर्चा होगी तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद चौहान की यह पहली दिल्ली यात्रा होगी।

**इन मुद्दों पर काम जारी रखेंगे**

पूर्व सीएम चौहान ने यह भी कहा कि पार्टी जो भी निर्णय लेगी, वह उसके लिए काम करेंगे। शिवराज ने कहा कि वो हमेशा कहते हैं कि भाजपा एक मिशन है और जब आप एक मिशन में काम करते हैं तो आप निर्णय नहीं लेंगे, मिशन आपके लिए निर्णय लेता है। पार्टी जो भी निर्णय लेगी, मैं उसके लिए काम करूंगा। पूर्व सीएम चौहान ने आगे कहा कि पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण जैसे कुछ पसंदीदा मुद्दे हैं जिसपर वो दिल से काम करना जारी रखेंगे।

**लोकसभा चुनाव पर अब निगाह**

इस बीच अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के बारे में बात करते हुए शिवराज ने कहा है कि अब लोकसभा चुनाव को लेकर लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र के नेतृत्व में राज्य की सभी 29 सीटें जीतने का है।

## संसद की सुरक्षा में सेंध: नीलम को एफआईआर की कॉपी देने की मांग पर आज आएगा कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली**

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले की आरोपित नीलम की एफआईआर की कॉपी देने की मांग पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट इस मामले पर कल यानी 19 दिसंबर को फैसला सुनाएगा।

सुनवाई के दौरान नीलम के वकील ने कहा कि हमारा कानूनी अधिकार है कि वकील और परिवार को मिलने दिया जाए। परिवार को ये जानने का अधिकार है कि उसके खिलाफ आरोप क्या दर्ज किया गया है। इसके लिए एफआईआर की प्रति जरूरी है। इस पर दिल्ली पुलिस ने कहा कि मामला संवेदनशील है और आतंकवाद से जुड़ा है। इसलिए गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। नीलम के वकील ने कहा कि जांच अधिकारी से हमने एफआईआर की प्रति मांगी थी। तब जांच अधिकारी ने अदालत में अर्जी दाखिल करने के लिए कहा था। कानून भी आरोपित को अधिकार देता है कि परिवार उससे मिल सके। उसे वकील से भी नहीं मिलने दिया गया। नीलम के वकील ने कहा परिवार वालों को यह जानने का अधिकार है कि नीलम के ऊपर क्या आरोप लगा है।

परिवार को बस इतना पता है कि नीलम गिरफ्तार हुई है। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। नीलम को संसद के बाहर नारा लगाते हुए गिरफ्तार किया गया था।

## एनआईए ने आतंकवादी समूह के खिलाफ 19 जगहों पर छापे मारे

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दक्षिण भारत में 19 स्थानों पर अति कट्टरपंथी जिहादी आतंकवादी समूह के खिलाफ छापेमारी की है। एनआईए द्वारा वहां की स्थानीय पुलिस के सहयोग से सोमवार सुबह में शुरू की गई छापेमारी फिलहाल जारी है। छापेमारी के दौरान एनआईए ने मोहम्मद उमर, मोहम्मद फैजल रमानी, तनवीर अहमद, मोहम्मद फारूख और जुनैद अहमद के परिसर से महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस के साथ 7.3 लाख नकद बरामद किए हैं। सुरक्षा कारणों से एनआईए ने छापेमारी वाली जगहों के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है। एनआईए के मुताबिक जुनैद अहमद सहित अन्य तीन आरोपितों को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है।

## नीतीश अंड-बंड बोलते हैं...', सम्राट ने बिहार सीएम को पीएम उम्मीदवारी पर घेरा

लालू प्रसाद यादव इंडी गठबंधन की अगली बैठक के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। हालांकि, दिल्ली पहुंचने से पहले पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने प्रधानमंत्री पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने यह तक पूछ लिया कि "मोदी कौन है?" अब उनके इस बयान पर सियासत तेज हो गई है। बिहार बीजेपी के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लालू यादव पर पलटवार किया है और उन्हें अपराधी करार दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा, "कितनी बार लालू जी हारे हैं उनको गिनती याद है? अभी पांच राज्यों के चुनाव में क्या हालत हुई है इंडी गठबंधन की पूरा देश जानता है... और लालू प्रसाद जी बिहार में आपराधिक छवि के चेहरे हैं, जिसको जनता दल यूनाइटेड के नेताओं ने साबित किया है। लालू जी अपराधी हैं। चारा चोरी करने वाले लोग हैं। ये क्या बोलेंगे।"



**'लालू जी की यहां राजनीतिक हैसियत नहीं बची है'**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू प्रसाद को बिहार की राजनीति में एक तरह से कांग्रेस और जदयू ने साफ कर दिया है। एक ने ऑर्डिनेंस फाड़कर इनको जेल में सड़ा दिया।

अब लालू जी की यहां कोई राजनीतिक हैसियत नहीं बची है। यहां किसी भी हालत में बिहार की 40 की 40 सीटे एनडीए या बीजेपी जीतेगी।

**'नीतीश कुमार अंड-बंड बोलते हैं'**

सम्राट चौधरी ने आगे कहा, "हम लोग तो सोचे थे कि नीतीश बाबू हम लोग को छोड़कर भागे हैं, तो हो सकता है कि प्रधानमंत्री के उम्मीदवार हो जाएंगे... लेकिन उनका क्या हाल किया है इन लोगों ने वो तो आज पूरा देश जान रहा है। आज नीतीश बाबू क्या-क्या बोल रहे हैं। अंड-बंड जो उनकी भाषा है... वो लगातार उल्टा-सीधा बोलते रहते हैं।

ये हम लोग समझ चुके हैं कि इंडी गठबंधन के लोगों ने नीतीश जी की हालत क्या कर दी।"

### 'नीतीश कुमार थक चुके हैं',

**पटना**

लोजपा (आर) के मुखिया चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर एक बार फिर चिंता जाहिर की है। इसी के साथ उन्होंने कहा है कि अब नीतीश कुमार थक चुके हैं और हार चुके हैं। वह देश का नेतृत्व नहीं कर सकते। चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार को अब उचित इलाज करवाने की जरूरत है। चिराग पासवान ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, "जो बिहार के लिए उपयुक्त नहीं, वह विपक्ष का चेहरा बनेगा? जिसे बिहार की जनता ने खारिज कर दिया वह राष्ट्रीय राजनीति का नेतृत्व करने का सपना देखता है। (बिहार) के मुख्यमंत्री अब थक चुके हैं।"

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

## रत्योरा सुभाष मार्ग पर कुशवाहा बस्ती के पास घटी घटना, घटना पर पहुंचे परिजनों ने ट्रैक्टर चालक को घसीट घसीट के मारा पीटा

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रत्यौरा सुभाष मार्ग पर रत्योरा कुशवाहा बस्ती के पास ट्रैक्टर से पास लेते समय बाइक चालक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया जिससे अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार कोरांव थाना क्षेत्र के जतहरा गांव निवासी प्रेम शंकर केसरवानी उम्र (56)पुत्र प्रभु नाथ अपने दमाद शिवम पुत्र गोविंद दास व पुत्री के साथ रिश्तेदारी जा रहे थे। रत्योरा सुभाष मार्ग पर रत्योरा कुशवाहा बस्ती के पास ईट लादकर ट्रैक्टर बड़ोखर जा रहा था बाइक चालक पास लेते समय अनियंत्रित होकर अचानक ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से बाइक सवार प्रेम शंकर की दर्दनाक मौत हो गई। और शिवम भी घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा करने लगे मौके पर पहुंचे कोरांव थाना प्रभारी विनोद कुमार ने समझा बुझा कर शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। और पुलिस ने ईट लदे ट्रैक्टर व चालक को अपने कब्जे में लिया। मृतक के दो लड़के और तीन लड़कियां थी। बड़ी लड़की की शादी हो गई है और लड़के की शादी के लिए घर से लडकी देखने के लिए जा रहे थे। परिजनों का रो रो का बुरा हाल था।



### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से अधेड की हालत बिगड़ी, मुकदमा

**मऊआइमा।** सब्जी लेकर घर जा रहे अधेड को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे अधेड़ की हालत गंभीर बनी हुई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रमना मानी उमरपुर निवासी लल्लू राम सब्जी लेकर घर जा रहे थे। बताते हैं कि प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार कर भाग गयी। गंभीर रूप से घायल लल्लू राम को शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल लल्लू राम के भतीजे राहुल कुमार पुत्र लालजी ने बाइक सवार नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।



### रेलवे ट्रेक के निकट मिला अज्ञात युवक का शव

**मऊआइमा।** सोमवार को तुलसी स्प्रेस के जाने के बाद एक युवक का शव रेलवे ट्रैक के निकट मिला।जिसे आर पी एफ ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा कताई मिल स्थित बंद रेलवे फाटक के फ्लाइओवर ब्रिज से सौ मीटर प्रतापगढ़ की ओर एक चालिस वर्षीय युवक का शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में मिला। बताया गया है कि तुलसी स्प्रेस से उक्त युवक सोमवार को सुबह कटा है। बताया गया है कि उक्त युवक की उम्र लगभग चालिस साल है वह सफेद टी शर्ट काला लोवर पहने हुए था। सूचना पर आर पीएफ ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

## केंद्र सरकार के योजनाओं की लोगो को दी जानकारी

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जसरा के चामू में लोगो को किया गया जागरूक

**जसरा।** विकासखंड जसरा के ग्राम सभा चामू में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चामू प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया गया विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों एवम् समाजसेवियों का स्वागत विद्यालय की बच्चियों द्वारा स्वागत गीत व नित्य के साथ किया गया। विद्यालय की बच्चियों के द्वारा कई जागरूक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। स्वास्थ्य विभाग जसरा की टीम के द्वारा दर्जनों लोगों का इलाज करके दवाइयां दी गई और महिलाओं पुरुषों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड के लाभ के संबंध में लोगों को जानकारी दी ।कृषि विभाग अधिकारी जयवीर सिंह ने किसानों को किसान बीमा योजना व कई आधुनिक यंत्र खेती करने के लिए नए बीज उपकरण की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान चामू गीता देवी,बृजेश बिन्द, भारत सिंह, राजेश कुमार शर्मा,जमाल अहमद,नील कमल, राम प्रकाश सिंह, रंजीता गुप्ता, सोनम गुप्ता, देवेंद्र सिंह, राधा देवी, सावित्री देवी, संगीता तिवारी,मुन्नी देवी, सुमन देवी,बेलाकली, राजकुमारी,ज्वाला प्रसाद चतुवेर्दी, रावेन्द्र तिवारी, दिलीप भारतीय, राजेश जायसवाल,संग्राम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।




## भाजपा नेता डा संगम मिश्र के समर्थकों ने क्षेत्र में किया व्यापक जनसंपर्क



**मेजा।** प्रांत संस्कृत प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रांत शंकरदेव त्रिपाठी के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता डा संगम मिश्र के समर्थकों ने इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के यमुनापार में कई गांवों का ब्यापक जनसंपर्क कर सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा किया। उल्लेखनीय है कि डोर टू डोर जनसंपर्क के दौरान संस्कृत प्रमुख देवशंकर त्रिपाठी ने लोगों से भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि आज सरकार की उज्जवला योजना घर घर नल योजना मुफ्त खाद्यान्न वितरण योजना आयुष्मान भारत किसान सम्मान निधि पी एम आवास योजना का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को मिल रहा है। इतना ही नहीं श्री त्रिपाठी ने अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सभी ग्रामीणों को अपने अपने घरों में दीप जलाने एवं भजन कीर्तन आयोजित करने की भी अपील किया। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राजस्थान और मध्यप्रदेश में भाजपा की बंपर जीत का हवाला देते हुए जहां देश के पी एम व गृहमंत्री अमितशाह को बधाई दिया वही आगामी लोक सभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को पुनः पी एम बनाने का उपस्थित लोगों से आह्वान किया। इस मौके पर सेंट्रल एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर एस के तिवारी राजाबाबू पाठक घनश्याम मिश्रा शरद पांडेय राधे रमण शुक्ल पंकज द्विवेदी अक्षयवट नाथ पांडेय कृष्ण आसरे मिश्र आदि के अलावा कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# गिरधरपुर में आवास की जांच की औपचारिकता पूरी

## एडीओ पंचायत ने कहा कि बीडीओ स्तर की है जांच, जानबूझ कर मुझे दिया गया हैः रमा कांत पाण्डेय
## गिरधरपुर सचिव संदीप कुमार ने कहा कि जांच पड़ताल से कुछ नहीं होगा

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत कुल 69 ग्राम पंचायत में दर्जनों ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फूल फल रहा है। जिसकी शिकायत आईजीआरएस पोर्टल के अलावा प्रार्थना पत्र देकर जांच करने की मांग करने पर ग्राम पंचायत की साठ गांठ से जांच अधिकारी अपनी औपचारिकता पूरी कर कार्यालय के लिए लौट जाते है। वहीं गिरधरपुर ग्राम पंचायत में सचिव की सांठ गांठ से अपात्र लोगों को आवास, शौचालय, रिबोर आदि ग्राम पंचायत की योजनाओं का जमकर बन्दर बांट किया गया है और दर्जनों से अधिक लोगों को एक बार पति के नाम पर व दोबारा पत्नी के नाम पर आवास,शौचालय दिया गया है। ऐसे ही अपात्र एवं दोबारा सरकारी योजनाओं को देकर सरकारी धन को बंदर बांट कर गबन कर लिया गया है। जिसकी निष्पक्ष जांच करने के लिए दो सप्ताह पूर्व एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार ने मांडा बीडीओ को पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र की छाया प्रति के साथ, आवास सूची व प्रार्थना पत्र देकर जांच करने की मांग की थीं। उक्त शिकायत पर बीडीओ मांडा अमित मिश्रा ने जांच के लिए संयुक्त टीम में एडीओ पंचायत मांडा रमा कांत पाण्डेय व एडीओ आईएसबी जैनेन्द्र कुमार राय को सौंप दिया गया। वहीं सोमवार को पुनः शिकायत कर्ता द्वारा जांच की मांग पर बीडीओ मांडा ने तत्काल एडीओ पंचायत व एडीओ आईएसबी को फोन कर गिरधरपुर की जांच आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कहा तो संयुक्त टीम में जांच अधिकारियो ने ग्राम पंचायत की पांच मिनट के समय में जांच की औपचारिकता पूरी कर मांडा ब्लॉक मुख्यालय के लिए लौट गए। वहीं मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर उपस्थित गिरधरपुर ग्राम पंचायत सचिव संदीप कुमार ने कहा कि चाहें जितनी बार प्रार्थना दे कुछ नहीं होने वाला है।

**वर्जन**

ग्राम पंचायत गिरधरपुर में चरम सीमा पर फूल फल रहा भ्रष्ट्राचार काफी गम्भीर है। एडीओ पंचायत मांडा रमा कांत पाण्डेय ने बताया कि इसकी जांच बीडीओ मांडा को स्वयं करनी चाहिए। जो हमारी जिम्मेदारी थी जांच कर लिया है और आख्या रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत कर देंगे। बाकी दोबारा आवास लाभार्थियों की जांच आवास बाबू से पूर्व में दिए गए आवास की सूची से मिलान कर जांच करें बीडीओ साहब।

**एडीओ पंचायत मांडा रमा कांत पाण्डेय व एडीओ (आईएसबी)मांडा जैनेन्द्र कुमार राय**

### समाजसेवी ने ठंड से बचाव के लिए जलवाया अलाव

**सहसों।** बढ़ती ठंडक से इन दिनों तापमान में गिरावट के चलते सायंकाल में ठंड व गलन बढ़ गई है। ठंड से सिकुड़ते लोगों के लिए जन सेवा के साथ सहसों के युवा समाजसेवी जयेस केसरवानी ने अपने सहयोगियों आकाश केसरवानी, हर्ष केसरवानी, प्रांजल केसरवानी सहित अन्य व्यापारियों ने अलाव जलवाकर ठंड से राहत प्रदान की। युवा समाजसेवी ने बताया कि अभी तो सहसों बाजार में अलाव जलवाया गया है। इसके अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार अन्य कई स्थानों पर भी अलाव जलवाने की व्यवस्था कर लोगों को ठंड से राहत प्रदान की जाएगी ताकि लोगों को ठंड से जान माल की सुरक्षा हो सके।

## के एल कान्वेंट के सालाना जलसे में बच्चों ने सजाई महफिल, भांगड़ा पर थिरके अभिभावक




**बारा।** कुमुदलता कान्वेंट स्कूल बारा ने अपना 10वां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया। वार्षिकोत्सव समारोह के चीफ गेस्ट गोविंद श्रीवास्तव और संजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत आगाज किया।कार्यक्रम के पहले भाग में नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्रों ने अपने नृत्य,गायन और नाटक कला के प्रदर्शन से सभी का मनोरंजन करते हुए मन मोह लिया।उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों के प्रदर्शन की तारीफ की।प्रिंसिपल कल्पना पांडेय ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दूसरे भाग की शुरूआत से पहले, स्कूल के हेड बॉय और हेड गर्ल ने उन विभिन्न छात्रों को मंच पर आने के लिए आमंत्रित किया, जिन्होंने विभिन्न मंचों पर स्कूल का प्रतिनिधित्व किया था और स्कूल का नाम रोशन किया था। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने बच्चों के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए अन्य गतिविधियों से जोड़ने के लिये प्रेरित किया।बच्चों ने ₹भांगड़ा₹ प्रस्तुत किया और सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। गायन मंडली में आकांक्षा व आद्या ने मधुर गीतों से दर्शकों एवं गणमान्य व्यक्तियों को मंत्रमुग्ध किया। अभिभावक भी मंच पर प्रस्तुति दे रहे अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाते रहे। स्कूल के प्रबन्धक पीयूष श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्या कल्पना पांडेय ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना का संदेश देते हुए सभी आगंतुकों का आभार जताया।छात्रों द्वारा तीन घंटे के शानदार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र केसरवानी के साथ स्कूल बोर्ड के सदस्य, प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति व अभिभावक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संगीता शुक्ला एवं आशुतोष गौतम ने किया।

### नव आगंतुक इंस्पेक्टर ने चार्ज लेते ही दलालों को खदेड़ा बना चर्चा का विषय

**मऊआइमा।** नव अंगतुक इंस्पेक्टर ने मऊआइमा थाने का चार्ज लेते ही क्षेत्रीय दलालों में घबराहट।चर्चा है कि कई दलालों को थाने से खदेड़ा गया। जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाने के पूर्व इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार कुशवाहा के लापरवाही बरतने एंव गैर जिम्मेदाराना रवैया के कारण पुलिस आयुक्त ने लाईन हाजिर कर दिया था।उनके स्थान पर राघवेन्द्र सिंह मऊआइमा थाने के नवागंतुक इंस्पेक्टर का चार्ज लिए। बताया गया है कि इंस्पेक्टर के चार्ज लेते ही दलाल उनको समझ नहीं पाए और थाने के बाहर धनादोहन कर इंस्पेक्टर से काम कराने की नीयत से साथ लेकर इंस्पेक्टर के पास पहुंच गए इंस्पेक्टर ने फरियादी की फरियाद सुनने के पूर्व दलाल को खदेड़ा दिए। बताया गया है कि फरियादी की बात सुन कर कार्य का आश्वासन दिए।आम चर्चा है कि दलालों को थाने में देखते ही इंस्पेक्टर भड़क जा रहे हैं यही नहीं महिला दलालों को भी इंस्पेक्टर ने बाहर का रास्ता देखा दिए। इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि सर्व प्रथम जिसका काम है वह स्वंय आए तथा दलाल कदापि न आएं। इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि सर्व प्रथम अपराधियों को गिरफ्तार करना चोरियों पर अंकुश लगाना एवं पूर्व में हुई चोरियों का पदार्फाश करना है।

### विकास की कड़ी में विकेंद्रीकृत व्यवस्था में ग्राम पंचायतों का महत्व पूर्ण योगदान रहा : कमलेश द्विवेदी

**राष्ट्रीय पंचायती राज संस्थाओं एवं स्वयं सहायता समूहों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लाक सभागार करछना में आयोजित**




**करछना।** 73वें संविधान संशोधन की विकेंद्रीकृत व्यवस्था में ग्राम पंचायत सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है इस महत्वपूर्ण कड़ी का क्षमता संवर्धन करते हुए उनकी कार्यशैली को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रधानों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है प्रशिक्षण प्रारंभ में डिजिटल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा कालांतर में भौतिक रूप से भी होगा प्रशिक्षण आपको अपने दायित्व का सफलता पूर्ण निर्वहन करने में मदद करेगा या आपके अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी देगी और यह बातें ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने कही, प्रशिक्षक के रूप में गौरीशंकर भारती गिरधारी लाल तिवारी बीके राय ने पंचायत की समितियां को सक्रिय करने के लिए नियमित रूप से जनता की समस्याओं को सुलझाने नियमित रूप से साफ सफाई स्वच्छता गतिविधियों का संचालन करें डिजिटल रूप से सशक्त बने और पंचायत की आवश्यकता गतिविधियों को ग्राम पंचायत विकास की जीडीपी में अवश्य सम्मिलित करें तथा जिम्मेदारियां का पालन करें ने उपस्थित प्रधान एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह महामंत्री धीतेश तिवारी एडीओ पंचायत राम शिरोमणि तिवारी, अतुल मिश्रा दुष्यंत प्रताप सिंह एडीओ आईएसबी उदयभान मनीष शुक्ला, मिथिलेश कुमार प्रधान डांडो,प्रधान धर्मराज पटेल परमानंद मौर्य दिनेश श्रीवास्तव राजकुमार पटेल चंद्र प्रकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रधानों एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने प्रशिक्षण में सहभागिता की।

## न्यूज झरोखा

### सड़क बदहाल, लोगों को आवागमन में हो रही दिक्कत



**मेजा।** विकास खंड मेजा के मेंडरा गांव की सड़क खराब होने की वजह से लोगों व स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतें हो रही हैं।आलम यह है कि बच्चों को बारिश के मौसम में कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार इस सड़क की कोई सुध नहीं ले रहे हैं।रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ सड़क भी मूलभूत जरूरतों में से एक है। आज भी ग्रामीण अंचलों में सड़क की समस्या महत्वपूर्ण समस्या बनी हुई है। मेजा तहसील से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मेंडरा गांव में भी यही समस्या है। जहां शिवगुलाब तिवारी पब्लिक सकूल के बच्चे और 10 घरों की आबादी खराब सड़क होने की वजह से परेशान हैं। सड़क इतनी खराब है कि बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोग और अभिभावकों ने स्थानीय विधायक और सांसद से उक्त सड़क बनवाने की मांग की है।

### सिकरा में शराबियों व जुआरियो का बना अड्डा



**मांडा।** क्षेत्र के मेजा तहसील मुख्य मार्ग पर स्थित सिकरा ग्राम पंचायत में शराबियों व जुआरियों का अड्डा बन चुका है।शराब के ठेको पर शाम ढलते ही अराजकतत्वों का जमावड़ा होना शुरू हो जाता है। नशे में धुत्त शराबी आम जनता से विवाद करने पर उतारु हो जाते हैं। जिससे स्थानीय नागरिको ने नाराजगी जताते हुए बताया कि देर रात्रि तक शराब की दुकाने खुलने के कारण आये दिन गाँव के कुछ लोग शराब पीकर राहगीरो को परेशान एवं तथा भद्दी भद्दी गालियां दिया करते है। जिससे महिलाओ व पुरुषों को आने जाने में भी काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। अराजकतत्वों के इस रवैये से सिकरा गाँव में शराबियों का पूरी तरह कब्जा बना हुआ है। जिससे आस पास के लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य को मुंह चिढ़ाता हुआ शराब की दुकान देख काफी आक्रोश जताया है।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा



**सहसों।** क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव में गिरजा शंकर मिश्र के संयोजन में सोमवार को सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर भक्त महिलाओं द्वारा मंगल गीत के साथ गांव के विभिन्न गलियों से होते हुए पुनः यज्ञ मंडप स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान भक्त नर नारियों ने पुष्प वर्षा करते हुए राधे-राधे का उद्घोष करते जय जय कार किया। मुख्य यजमान गिरिजा शंकर की पुत्री श्रेया मिश्रा कथा व्यास के रूप में अपने पिता को भगवान के विभिन्न प्रसंग का रसपान कराएंगी। जो क्षेत्र में भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सोमवार को कथा प्रारंभ के अवसर पर व्यास पीठ से कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य का सजीव वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में भगवत कथा का श्रवण से सभी कष्ट के निवारण तथा सुख समृद्धि का सुगम मार्ग है। जिसे हर सनातनी मनुष्यों को अवसर निकाल कर कथा सुनना एवं अनुसरण करना चाहिए। कथा के उपरांत मुख्य यजमान चंद्रकला मिश्रा एवं शिव शंकर मिश्रा ने व्यास पीठ, भागवत भगवान, आवाहित देवी देवताओं सहित यज्ञ मंडप की आरती उतार कर उपस्थित श्रद्धालु भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर लाल जी द्विवेदी, चिंतामणि शुक्ला, वेदमणि तिवारी, भूपेंद्र मिश्र एवं राजू तिवारी, प्रभाकर पांडे, जितेन्द्र शुक्ला सहित आदि कथा रसिक श्रोता भक्त नर नारियों ने कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

### पूर्व सेना कर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना तीन में दो दिन पहले शातिर चोरों ने पूर्व सैन्य अफसर के सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। पूर्व सैन्य अफसर पत्नी के साथ मथुरा-वृंदावन गए थे। घटना की जानकारी पड़ोसियों ने दी। सोमवार की देर शाम तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना तीन के सेक्टर चार निवासी संजय कुमार मिश्र सेना में सूबेदार पद पर थे। 14 दिसंबर को मकान में ताला बंद कर संजय मिश्र पत्नी सुधा के साथ मथुरा-वृंदावन गए थे। चोर दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर घुसे और पूरे इत्मिनान से मकान को खंगाला। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने मकान के अंदर कमरे में रखी लोहे की आलममारी का ताला तोड़कर तकरीबन एक लाख रुपये नकद और सोने का हार, चूड़ी, कॉन की बाली सहित दस लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिया था। पीड़ित लौटने पर मामले की लिखित शिकायत की पुलिस जांच कर रही है।

### इंदलपुर में युवक को घंटों पीटा मरणासन्न छोड़ा

**नैनी।** नैनी थाना अंतर्गत के इंदलपुर स्थित कब्रेस्तान के पास एक युवक मरणासन्न स्थिति में बेहोश पड़ा मिला। सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और लहूलुहान हालत में अचेत युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। होश में आने पर पीड़ित ने आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को नैनी से गिरफ्तार कर लिया है। कीडगंज थाना क्षेत्र के बालू मंडी में रहने वाला अंकित यादव 40 पुत्र श्यामबाबू के मुताबिक उसक भाई नैनी के गंगोत्री नगर में रहता है। उससे मिलने वह रविवार देर रात उसके घर आ रहा था। लेप्रोसी चौराहे से फौव्वारा चौराहे के बीच हाईवे पर शुआट्स के मासकॉम बिल्डिंग के सामने से वह नीचे उतर कर पैदल जाने लगा। उसी दौरान वहां बाइक से दो युवक पहुचें और अंकित को जबरन अपनी बाइक में बैठा लिया। उसे इंदलपुर स्थित कब्रिस्तान के सुनसान इलाके में ले गए और उससे रुपये छीनने लगे। उसके पास रुपये न मिलने पर आरोपियों ने अंकित के मुंह में कपड़ा ठुंसकर उसे बेल्ट से घंटों पीटा और बेल्ट से गला कस दिया। उसे मरा समझ दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को अस्पताल में भ्ती कराया। मामले पुलिस ने अंकित के बयान व जांच के आधार पर मोनू भारतीया निवासी कनौला पाल चौराहा, नैनी व गौतम उर्फ देवा निवासी चकलाल मोहम्मद को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर खूब बाजी बधाइयां

**कलाकारों की ओर से बाल कृष्ण भगवान की निकाली गई झांकी**

**करछना।** पुरैनी गाँव में चल रही साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में कथा श्रवण करने के लिए भक्त लोगों सहित महिलाओं की भीड़ जुट रही है। लोग कथा सुन भाव विभोर हो रहे हैं । कथावाचक के रूप में कथा के व्यास पीठ पर विराजमान ज्योतिष मार्तण्ड भागवत भूषण ब्रह्मर्षि उपेन्द्र जी की ओर से कथा के चौथे दिन रविवार को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पूर्वजों के कथा के साथ श्री राम के लीलाओं पर तथा राम राज्य पर विशेष प्रकाश डाला गया । इसके बाद कथा में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए भजनों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।श्री कृष्ण जन्म महोत्सव पर लोगों की ओर से पुष्प वर्षा की गई । महिलाओं की ओर से सुमांगलिक गीतों सहित सोहर गीतों की प्रस्तुतियां हुई। वही ब्यास की ओर से भए प्रगट कृपाला, मथुरा में जन्मे कन्हाई, यशोदा के घर आनंद भयो आदि छंदों की प्रस्तुतियां भी हुई। वहीं कलाकारों की ओर से बालकृष्ण भगवान की सुंदर व मनमोहक झांकी भी निकाली गई। जो लोगों को आनंदित करती रही । कथा के मुख्य श्रोता यजमान भगौती दीन पांडेय के द्वारा आरती की गई ।इस अवसर पर कृष्णा कांत पांडेय, अनिकेत महाराज, रामकृष्ण पांडेय, संतोष पांडेय ,विमलेश आचार्य ,अनूप, लाल जी ,रीता ,अंजू ,सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त लोग मौजूद रहे।

## जेवनियां में दिव्यांगोत्थान सेवा ट्रस्ट द्वारा भव्य कंबल वितरण का आयोजन



**मेजा।** दिव्यांगों को समर्पित एवं गरीब कल्याण के लिए सक्रिय दिव्यांगोंत्थान श्रीराम सेवा न्यास ट्रस्ट के सौजन्य से सोमवार को जेवनियां गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व भव्य कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता एमसी चतुवेर्दी तथा विशिष्ट अतिथि कौशल्या नंद गिरि व डॉक्टर अशोक हरिवंश रहे। कार्यक्रम में कंबल वितरण के साथ नशा मुक्ति,बाल अपराध नियंत्रण, मतदाता जागरूकता पर जोर दिया गया। दिव्यांगोत्थान श्री राम सेवा व्यास प्रयागराज के तत्वाधान में दिव्यांगों एवं निर्धन के उत्थान के लिए कंबल बांटने का कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को नशा से छुटकारा दिलाने के लिए उपायों पर प्रकाश डाला गया जिसके मुख्य अतिथि एम सी चतुवेर्दी महाधिवक्ता उच्च न्यायालय एवं अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी टीना मां एवं विशिष्ट अतिथि वंचितों के राम के प्रसिद्ध कथावाचक डॉ अशोक हरिवंश एवं दो एलएस ओझा एवं एवं एसीपी विमल विमल किशोर मिश्रा उपस्थित रहे।अखंड हिंद फौज के जवानो ने पिरामिड प्रदर्शन की शानदार प्रस्तुति दी एवं अंतरराष्ट्रीय लोक गायक तिवारी बंधुओ ने अपनी प्रस्तुति से समा बाधे रखा?। कार्यक्रम में डॉक्टर एल एस ओझा ने कहा नशा मुक्ति का एक ही इलाज है दृढ़ इच्छा शक्ति अगर इससे नहीं होता है कुछ और भी ऐसे उपाय हैं जिससे नशा मुक्ति से छुटकारा मिल सकती है। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन रूचि अभिषेक तिवारी ने किया नशा मुक्त अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पंडित कमलाशंकर उपाध्याय, पंडित शशिकांत तिवारी, अष्टभुजा, तिवारी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि टीना मां तथा मंच का संचालन नीरज यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता लक्ष्मी शंकर ओझा, मुन्नन शुक्ल, तुलसीदास तिवारी, भोला गौतम,पप्पू उपाध्याय, मनीष तिवारी, अमरेश तिवारी, रिंकू ओझा,राजू समदरिया, राहुल द्विवेदी, तनय पांडे, नितेश तिवारी, राजू पांडे, विकास तिवारी, शशांक द्विवेदी, शिवम मिश्रा, दिनकर मिश्रा , पुष्कर तिवारी,नीरज यादव, गौरव पांडे ,पमपम पाण्डेय, रोहित पांडे, राहुल श्रीवास्तव दीपक गौड़, किशन तिवारी सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज के चहुंमुखी विकास हेतु नीति आयोग की बैठक सम्पन्न, दिए आवश्यक सुझाव

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नीति आयोग की वरिष्ठ सलाहकार श्रीमती अन्ना रॉय की अध्यक्षता में सोमवार को सर्किट हाउस के सभागार में जनपद प्रयागराज में चल रही परियोजनाओं, उनकी प्रगति तथा 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य के दृष्टिगत योजनाएं बनाने के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वरिष्ठ सलाहकार नीति आयोग के द्वारा जनपद में 100 प्रतिशत घरों को पाइप से पीने का पानी, शत-प्रतिशत कूड़ा-कचरे के निस्तारण व टैप्ड नालों की स्थिति के सम्बंध में जानकारी ली, जिसपर बताया गया कि सभी नालों को महाकुम्भ-2025 से पूर्व टैप्ड कर लिया जायेगा तथा इसके साथ ही साथ प्रयागराज में शत-प्रतिशत घरों में पाईप से पानी पहुंचाने व शत-प्रतिशत कूड़ा-कचरा के निस्तारण के लिए बनायी गयी नीतियों के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने अधिकारियों से वर्ष 2047 के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज के चहुँमुखी विकास के लिए नीति आयोग के द्वारा निर्धारित किए गए मापदण्डों के अनुसार मास्टर प्लान बनाकर कार्य करने के लिए कहा है।नीति आयोग की वरिष्ठ सलाहकार ने जनपद के विकास के लिए त्रिस्तरीय कार्ययोजना बनाकर कार्य किए जाने, जिसमें मोहल्लों के विकास के लिए माइक्रोलेवल प्लान, शहर के विकास के लिए मास्टर प्लान एवं अन्य जनपदों के साथ डेवलपमेंट के लिए रीजनल प्लान बनाकर कार्य किए जाने के लिए कहा है। पर्यटन के विकास के दृष्टिगत रिवर फ्रंट टूरिज्म डेवलपमेंट योजना बनाने तथा 50-50 एकड़ में हेल्थ एवं एजुकेशन सिटी बनाने एवं इंडस्ट्रियल हब विकसित करने हेतु जमीन का चिन्हॉकन करते हुए प्लान बनाये जाने के लिए कहा है। जनपद के चैहुमुखी विकास के लिए इकॉनामी एण्ड इडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरिडोर विकसित करने के बारे में जमीन का चिन्हॉकन कर कार्रवाई करने के लिए कहा गया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण को विभिन्न विषयों से सम्बंधित विशेषज्ञों की थिंक टैंक टीम बनाने, जो कि यहां की जरूरतों एवं चहुँमुखी विकास हेतु अपना सुझाव दे सके, पर कार्य करने के लिए कहा है। इसके साथ ही प्रयागराज में भविष्य में शत-प्रतिशत हरित ऊर्जा का प्रयोग, पर्यटकों को अधिक से अधिक संख्या में आकर्षित करने हेतु योजना, स्किल्ड डेवलपमेंट, स्वास्थ्य सुविधाओं, यातायात सुविधाओं, रिंग रोड़ के आस-पास हाईटेक सिटी, हेल्थ एजुकेशन सिटी, व्यापक टैजफिक मैनेजमेंट प्लान, वाटर टैक्सी, मास्टर प्लान में इकोनॉमी ग्रोथ कैसे हो, इसकी योजना बनाने, भविष्य में बनायी जाने वाली योजनाओं में बढ़ती हुई आबादी, ट्रांसपोर्टेशन, अर्थव्यवस्था, हेल्थ, शिक्षा व अन्य मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए महायोजना बनायी जाये। बैठक में नीति आयोग की वरिष्ठ सलाहकार के द्वारा महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों से सम्बंधित योजनाओ, परियोजनाओं की प्रगति जानी व प्रयागराज में टाउनशिप के डेवलपमेंट की जानकारी ली गयी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि फाफामऊ में हाईटेक टाउनशिप, झूसी में इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप व अन्य स्थानों पर टाउनशिप के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही महाकुम्भ के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, पीडीए के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगणों के अलावा नीति आयोग के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# आरक्षी पुष्पेंद्र का पैसे लेते हुए वीडियो वायरल,पुलिस कमिश्नर ने सस्पेंड किया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के धूमनगंज थाने में तैनात आरक्षी पुष्पेंद्र का पैसे लेकर मामला रफा-दफा करने का वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में पीड़ित परिवार से रुपए लेकर मामले को निपटाने की बात सामने आ रही है। फिलहाल प्रथम दृष्टया जांच में वीडियो सही पाए जाने पर आरक्षी को पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने सस्पेंड कर दिया है। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी होगी।

**पीड़ित को रोड साइड ले जाकर लेता है रुपए :** 2 मिनट 33 सेकेंड के वीडियो में सिपाही पीड़ितों के साथ धूमनगंज थाने के बाहर दिख रहा है। वह अपने वर्दी के ऊपर पहने हाफ जैकेट में दोनों हाथ डाले हुए है। इसके बाद वीडियो में पीड़ित से फोन काटने को कहता है। सिपाही पीड़ितों को आगे रोड साइड लेकर जाता है। इसके बाद कहता है कि पैसे दो नहीं तो अंदर कर दूंगा। पीड़ित कहता है कि मेरे पास पूरे कागज हैं। इंश्योरेंस है। अगर अंदर हो जाएंगे तो गाड़ी कहां से छुड़वाएंगे। इसके बाद वह सिपाही के हाथ में पैसे देता है। सिपाही पैसे मिलने के बाद उसे अपनी हाफ जैकेट में रख लेता है। इसके बाद कहता है रुक जाओ अभी देखते हैं।

**वीडियो वायरल होने के बाद कमिश्नर ने बैठाई जांच :** वीडियो रविवार को बताया जा रहा है। इस वीडियो में पुलिस वालों ने किसी की गाड़ी पकड़ ली थी और उसी को छोड़ने के एवज में रुपयों की मांग कर रहे थे। कागजात सही होने के बाद भी गाड़ी पकड़ने पर पीड़ित ने पुलिसवालों के ही चुपके से वीडियो बना लिए। इसके बाद रुपए तो दिए पर उसे वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने सिपाही पुष्पेंद्र को सस्पेंड करते हुए उसके खिलाफ जांच बैठा दी है। घूस लेते वीडियो वायरल होने पर उसके खिलाफ विभागीय जांच भी की जा रह है। उसकी बर्खास्तगी भी संभव है।

## न्यूज झरोखा

### प्रधानमंत्री ने किया लखन प्रतापगढ़ी की अनूदित पुस्तक का विमोचन



**जसरा।** काशी तमिल संगमम के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा तमिल संत तिरुवल्लुवर की पुस्तक त्रिकुरल के अवधि अनुवाद का विमोचन किया गया। गौरतलब है कि भारत सरकार ने तमिल शास्त्रीय संस्थान तमिलनाडु के माध्यम से उक्त पुस्तक का कुल 22 भारतीय भाषाओं में अनुवाद कराया है। जिसमें अवधी भाषा में अनुवाद जसरा के साहित्यकार राम लखन प्रजापति प्रतापगढ़ी द्वारा किया गया। उनके इस पुस्तक के विमोचन पर नई आवाज के संपादक विजय चितौरी, गीतकार राजेन्द्र शुक्ल,शंकर लाल मजूर, डॉ अमरनाथ सिंह, बेचन लाल विनोदी, सबरेज अहमद, राम धीरज, फूलचंद पटेल, ज्योति भाई, दिनेश प्रजापति ,अमर बहादुर सिंह आदि साहित्यकारों ,समाजसेवियों, शिक्षकों एवं पत्रकारों ने उन्हें बधाई दी है।

### संकल्प विकसित यात्रा में शामिल गणमान्य नागरिक हुए सम्मानित




**करछना।** सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित संकल्प यात्रा के दौरान विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कैथी में सोमवार को आयोजित विकास संकल्प यात्रा में गांव के गणमान्य लोगों को पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई जिससे ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकार तथा कार्य क्षेत्र उज्जवला गैस आवास शौचालय पेंशन आदि से जुड़ी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरकार संकल्प यात्रा के दौरान लोगों तक पहुंच रही है जिससे लोग जागरुक होकर सरकार की योजनाओं से भली भांति परिचित हो कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव संजीव श्रीवास्तव ,प्रधान सुनील कुमार ,प्रमोद सिंह, चंद्रमा मिश्रा, देवेंद्र कुमार, जीवन लाल, सूर्य प्रकाश आदि बड़ी संख्या में महिलाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे उपस्थित गणमान्य लोगों को प्रधान द्वारा सम्मानित किया गया,

### जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों को करियर काउंसलिंग की दी गई जानकारी




**मेजा।** जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में मॉडल करियर सेंटर प्रयागराज के तत्वावधान में करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. सुग्रीव सिंह ने कक्षा 9 वीं , 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्र/छात्राओं को करियर काउंसलिंग से संबंधित जानकारी दी । करियर मार्ग दर्शन ,करियर में सफलता और भिन्न – भिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने की संभावना,अपने भविष्य को कैसे सुधारें आदि टॉपिक पर विस्तार से छात्रों को समझाया। छात्र अपने करियर किस क्षेत्र में कैसे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं के बारे में उचित मार्ग दर्शन किया। असिस्टेंट प्रोफेसर फिलासफी , रामयस महाविद्यालय ,प्रयागराज)अभिषेक श्रीवास्तव ने भी अपने विचार बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्या सुधा सेठी जी ने किया। संचालन करते हुए डॉ. अरविंद चौधरी ने बताया कि सही करियर के चयन सफलता की पहली सीढ़ी है। धन्यवाद ज्ञापन ज्योति श्री विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर डॉक्टर डीके त्रिपाठी, अरविंद जायसवाल, ए के श्रीवास्तव, अजय तिवारी,अमित द्विवेदी,अरविंद कुमार तिवारी, नितिन विश्वकर्मा, दिपिका श्रीवास्तव, समता, मोनिका सिंह आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### जसरा में खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज

जसरा। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 19 दिसम्बर दिन मंगलवार को ईश्वरदीन छेदीलाल इण्टर कॉलेज जसरा के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिता के अन्तर्गत एथलेटिक्स, बालीबाल, कबड्डी और कुश्ती की स्पर्धा आयोजित की जाएगी। प्रत्येक खिलाड़ियों को आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। उक्त जानकारी युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल जसरा की बीओपीआरडी देवांशिका सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर का एक मंच प्रदान करती है। जिससे ग्रामीण परिवेश में रहने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके।

### जेई घर हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलाशा

**झूंसी।** जेई के घर मे हुई चोरी का सोमवार को पुलिस ने 72 घंटे के अंदर खुलाशा किया। पुलिस ने पकड़े गए युवको के पास से चोरी का माल बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि छतनाग चौकी इंचार्ज कपिल कुमार ने मुखबीर की सूचना पर नैका महीन निवासी शंकर यादव व सरायतकी के अजित यादव को गिरफ्तार कर 4 हजार नगद व जेवरात बरामद किया। उन्होंने बताया कि इन्ही चोरो ने आवास विकास कालोनी में रहने वाले बिजली विभाग के जेई के घर मे बीते शुक्रवार को चोरी की थी।

# हाईवे पर ट्रक बना ज्वालामुखी : पहले लगी आग फिर बेकाबू होकर सड़क पर पलटा, जिंदा जला चालक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** हंडिया–कोखराज हाईवे पर गऊघाट के सामने एक चलते ट्रक में आग लग गई। इसके बाद बेकाबू ट्रक पलट गया। उसमें फंसने के कारण चालक जिंदा जल गया। ट्रक का नंबर भी स्पष्ट नहीं हो रहा है। बस इतना पता चल रहा है कि ट्रक में हरियाणा का नंबर था। पुलिस चेचिस नंबर के आधार पर ट्रक मालिक का पता लगाने में जुटी है। दो घंटे बाद ट्रक में लगी आग बुझाई जा सकी। इस कारण हाईवे पर दोनों तरफ एक किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा।सोमवार दोपहर 3.30 बजे हंडिया–कोखराज फोरलेन स्थित गऊघाट के समीप कानपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक में आग लग गई। वह बेकाबू होकर पलट गया। देखते ही देखते ट्रक आग का गोला बन गया। हाईवे पर धुआं उठता देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। फायरबिग्रेड कर्मियों ने करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पा सके। पुलिस को ट्रक के अंदर से एक जला शव बरामद हुआ। माना जा रहा है शव चालक का है। पुलिस उसकी शिनाख्त के लिए वाहन स्वामी से संपर्क करने में लगी है। पुलिस ने बताया कि ट्रक में मूर्तियां, ताले और प्लास्टिक के दाने लदे थे। ट्रक में आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है। ट्रक पलटने से चालक उसमें फंस गया और इसमें जलने से उसकी मौत हो गई। हाईवे पर वनवे ट्रैफिक होने के कारण लोग ट्रक के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे।

# अतीक अहमद के करीबी फाइनेंसर नफीस बिरियानी की मौत

## नैनी जेल में आया हार्ट अटैक इलाज के दौरान मौत उमेश पाल हत्याकांड में था आरोपी



**नैनी।** नैनी सेंटर जेल में आया हार्ट अटैक उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी नफीस बिरयानी को जेल प्रशासन ने अस्पताल में भर्ती कराया स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। 50 हजार का इनामी नफीस बिरयानी को नवाबगंज पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। वह नैनी जेल में बंद था। रविवार को दिल का दौरा पड़ने पर उसे स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भती कराया गया था जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों की एक टीम उसके इलाज में लगी थी। हर पल नजर रखी जा रही थी। वहीं पुलिस ने अस्पताल में कड़ी सुरक्षा का इंतजाम कर रखा था। नफीस बिरयानी की कार से पहुंचे थे शूटर उमेश पाल हत्याकांड के शूटर नफीस बिरयानी की कार लेकर उमेश पाल की हत्या करने पहुंचे थे। उसकी कार में अतीक अहमद का बेटा असद समेत अन्य शूटर बैठे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद कार को चकिया में छोड़कर चले गए थे। कार की बरामदगी के बाद नफीस बिरियानी को पुलिस ने वांटेड किया था। धूमनगंज पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम कर दिया था।



## कार्यालय ग्राम पंचायत देवरिया वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

पत्रांक : /मनरेगा /नि0/2023–24 दिनांक :

महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 में प्रस्तावत निम्नलिखित कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 15.12.2023 से दिनांक 27.12.2023 सायं 4:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। दिनांक 27.12.2023 को सायंकाल 4:30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र | कार्य का विवरण | योजना/मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | धरोहर राषि | आपूर्ति कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पतापपुर मार्ग से राधिका के घर होते हुए काली मंदिर तक इण्टरलाकिंग | मनरगा | 280000 | 500 | 5600 | 1 माह |
| 2 | पतापपुर मार्ग से अमृतलाल के घर के पीछे तक इण्टरलाकिंग | मनरेगा | 233000 | 500 | 4660 | 1 माह |
| 3 | प्रतापपुर मार्ग से गौशाला के अन्दर तक इण्टरलाकिंग | मनरेगा | 444000 | 500 | 8880 | 1 माह |
| 4 | प्रतापपुर मार्ग से कालका के घर तक इण्टरलाकिंग | मनरेगा | 150000 | 500 | 3000 | 1 माह |
| 5 | घूरपुर मार्ग से नरेन्द्र के खेत तक इण्टरलाकिंग | मनरेगा | 365000 | 500 | 7300 | 1 माह |

सामान्य शर्तें –

1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जी0एस0टी0 ने0 के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा दाता/कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर राशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जमा करना होगा। 4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 27.12.2023 तक पूर्वाह्न 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यों के लिये अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। 8. सामग्री की मात्रा/धनराशि घट बढ़ सकती है।

**नोट** : निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय देवरिया से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय देवरिया में समस्त निविदायें भी खोली जायेगी।

**राजीव गोस्वामी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत देवरिया**
**वि0 ख0 जसरा प्रयागराज**

**नीतेश कुमार**
**ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत देवरिया**
**वि0 ख0 जसरा प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24

### टेण्डर/कोटेशन

दिनांक : 18.12.2023

ग्राम पंचायत **रामगढ़** में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **रामगढ़** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यों के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मों से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 19–12–2023 से दिनांक 01–01–2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 02–01–2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 02–01–2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | सूर्यभान के घर से तालाब तक पक्की नाली कार्य 150 मीटर | 2.50 लाख | 2 माह |
| 2. | प्राथमिक विद्यालय से बरमदीन के घर से शशिकान्त विश्वकर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 85 मीटर | 2.50 लाख | 2 माह |

**कृष्णावती**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रामगढ़**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

**इन्द्र कुमार यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत रामगढ़**
**वि0 ख0 करछना प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बाराखास वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

पत्रांक : /मनरेगा /नि0/2023–24 दिनांक :

महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 में प्रस्तावत निम्नलिखित कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 15.12.2023 से दिनांक 27.12.2023 सायं 4:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। दिनांक 27.12.2023 को सायंकाल 4:30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र | कार्य का विवरण | योजना/मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | धरोहर राषि | आपूर्ति कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इन्द्रपाल के घर से सुरेश के घर तक इण्टरलाकिंग | मनरगा | 377000 | 500 | 7540 | 1 माह |
| 2 | बांदा रोड से झील तक WBM कार्य | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 3 | अशोक के खेत से प्रेमचन्द्र के घर तक WBM कार्य | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |

सामान्य शर्तें –

1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जी0एस0टी0 ने0 के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा दाता/कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर राशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जमा करना होगा। 4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 27.12.2023 तक पूर्वाह्न 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यों के लिये अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। 8. सामग्री की मात्रा/धनराशि घट बढ़ सकती है।

**नोट** : निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय बारा खास से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय बारा खास में समस्त निविदायें भी खोली जायेगी।

**सन्तोष कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बाराखास**
**वि0 ख0 जसरा प्रयागराज**

**अमित कुमार शुक्ला**
**ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बाराखास**
**वि0 ख0 जसरा प्रयागराज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रेरा वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

पत्रांक : /मनरेगा /नि0/2023–24 दिनांक :

महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 में प्रस्तावत निम्नलिखित कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 15.12.2023 से दिनांक 27.12.2023 सायं 4:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। दिनांक 27.12.2023 को सायंकाल 4:30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र | कार्य का विवरण | योजना/मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | धरोहर राषि | आपूर्ति कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सड़क से लेकर भंगी के मदिर तक इण्टरलाकिंग | मनरगा | 370000 | 500 | 7400 | 1 माह |
| 2 | काली सड़क से केवशर के घर तक इण्टरलाकिंग | मनरेगा | 386000 | 500 | 7720 | 1 माह |

सामान्य शर्तें –

1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जी0एस0टी0 ने0 के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा दाता/कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर राशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जमा करना होगा। 4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 27.12.2023 तक पूर्वाह्न 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यों के लिये अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। 8. सामग्री की मात्रा/धनराशि घट बढ़ सकती है।

**नोट** : निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय रेरा से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय रेरा में समस्त निविदायें भी खोली जायेगी।

**महादेव सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रेरा**
**वि0 ख0 जसरा प्रयागराज**

**के. पी. सिंह**
**ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रेरा**
**वि0 ख0 जसरा प्रयागराज**

# भगवान श्री राम का जीवन चरित्र सदियों तक चलता रहेगा

## पट्टी मेला ग्राउण्ड में चल रही भागवत कथा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर मेला ग्राउंड में चल रहे संगीतमयी सात दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन भगवान श्री राम के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए मुकेश आनंद महाराज ने विस्तार से भगवान राम के जन्म का वर्णन किया जिसको सुनकर वहां पर मौजूद भक्त श्रद्धा से झूम उठे ।

पट्टी नगर वासियो द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन मुकेश आनंद महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम का जन्म होते ही सिर्फ धरती ही नहीं बल्कि आकाश में देवतागण जयकारा लगाने लगे, उन्होंने बताया कि राजा दशरथ की कोई संतान न होने के कारण वशिष्ठ द्वारा उन्हें श्रृंगी ऋषि के पास ले गए उन्होंने इसके लिए यज्ञ करवाया और वह दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। और वह खीर कौशल्या, सुमित्रा कैकेयी को खीर देते हैं उसे खीर के खाने से तीनों रानियो को भगवान राम सहित भरत लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है उन्होंने बड़े ही मार्मिक ढंग से भगवान राम के जन्म का और उनके जन्म लेने के बाद नगर वासियों की खुशी का वर्णन किया श्री राम कथा श्रवण करने के लिए श्री राम कथा में पीजी कॉलेज पट्टी के प्राचार्य डॉ अखिलेश पांडेय, पूर्व प्रधानाचार्य भगवान दास मिश्र, संघ प्रचारक दीपकदेव जी, विनोद सिंह, प्रधान स्वतंत्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, विपिन सिंह, राजेश्वरी प्रसाद खरे, अशोक श्रीवास्तव, राजेश सरोज सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। आए हुए सभी श्रद्धालुओं के प्रति पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।


भागवत कथा कहते व्यास मुकेश आनंद महाराज।

# लाइन मैन की मौत के मामले में गैर इरादतन हत्यारोपी को गिरफ्तार करने में हांफ रही पुलिस

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीते गुरुवार की शाम को ग्यारह हजार की लाइन ठीक करते समय धर्मेंद्र प्रजापति की करंट से दर्दनाक मौत हो गई थी उस दौरान विद्युत उपकेंद्र पर तैनात करुणेश शर्मा मौजूद था।

धर्मेंद्र प्रजापति करुणेश शर्मा को शटडाउन वापस नहीं किया गया था। खंभे पर धर्मेंद्र प्रजापति था कि आपूर्ति बहाल कर दी गई। मृतक धर्मेंद्र प्रजापति के पिता राम दिन की तहरीर पर पुलिस ने करुणेश शर्मा को अभियुक्त बनाया गया है। गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने में हाफ रही है। जबकि संविदा लाइनमैन धर्मेंद्र प्रजापति के परिजनों को 15 दिन का आश्वासन देकर शव का बेलखरनाथ धाम में दाह संस्कार कर दिया गया।

अब सवाल यह उठता है कि धर्मेंद्र प्रजापति गुरुवार की शाम 11000 की लाइन ठीक करने के लिए करुणेश शर्मा से शटडाउन लेकर खंभे पर चढ़ा और बिना शटडाउन वापस किए आपूर्ति क्यों बहाल कर दी गई यह भी एक जांच का विषय है। कहीं धर्मेंद्र प्रजापति के पीछे कोई साजिश तो नहीं थी। क्षेत्र के लोगों में चर्चा बना हुआ है। आरोपी करुणेश शर्मा को कब गिरफ्तार करती है मृतक के परिजन भी इस पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। धर्मेंद्र प्रजापति के पिता रामदीन ने बताया कि एसडीओ शैलेंद्र सिंह के अलावा घटना के बाद से धर्मेंद्र के घर अन्य कोई कर्मचारी झांकने तक नहीं गया है। कंधई पुलिस दावे तो कर रही है लेकिन दावों में दम नहीं दिख रहा। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने से धर्मेंद्र प्रजापति के परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# मवेशियों के निवाले में घोला जा रहा है जहर

## जिप्सम से तैयार की जा रही है सरसो की खली, रानीगंज कैथौला में लंबे अरसे से चल रहा है मिलावट का खेल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिक धन संग्रह के चक्कर में लोग इंसानियत गवां बैठे है। अभी तक आप लोग यही सुनते आए है कि इंसान के खाद्य पदार्थों में मिलावट,लेकिन यहां तो कुछ लोग ऐसे भी है जो मवेशियों के निवाले में भी मिलावट का जहर घोल रहे है। वहीं इनके काले कारनामे पर प्रशासन भी संवेदनहीन बना हुआ है।

सथनीय तहसील क्षेत्र स्थित रानीगंज कैथौला के सारीपुर,अर्जुनपुर व पयागीपुर में कई ऐसे दर्जन भर ऑयल मिल स्थापित है जहां काफी अरसे से लोग जिप्सम मिला कर मिलावटी सरसों की खली तैयार कर रहे है।कम लागत में अधिक पैसा कमाने के चक्कर में लोग मानवता को ही भुला बैठे है।एक रुपए किलो की जिप्सम को सरसों की खली के भाव बेचते है।व्यवसाय में शामिल कुछ मजदूरों की बातों पर यकीन करे तो जिप्सम व सरसों की खली का अनुपात 60-40 का होता है।एक कुंतल मिलावटी खली तैयार करने में महज 900 रुपए का खर्च आता है, जो बाजार में लगभग 2700 रुपए कुंतल के भाव से बिकती है। मिलावटी खली का व्यापार आस-पास के बाजार के साथ ही गैर जनपदों में किया जाता है। मिलावटी सरसों की खली का सेवन पशुओं के लिए किसी जहर से कम नहीं है।क्षेत्रीय लोगो की माने तो उन्होंने मामले की कई बार शिकायते भी की, लेकिन लंबी सांठ-गांठ के चलते कोई भी कार्रवाई नही होती है। इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

### कार्रवाई के नाम पर हुई थी खानापूर्ति

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लगभग डेढ़ वर्ष पहले रानीगंज बाजार स्थित एक ऑयल मिल पर छापेमारी की गई थी। अधिकारियों के मुताबिक खली के नमूने को जांच के लिए भी भेजा गया था, लेकिन समय बीतने के साथ ही मामला भी बीत गया। खली के कारोबारियों पर कार्रवाई न होने से उनके मनोबलों में भी इजाफा हुआ है। यही वजह है जो आज के पहले आधा दर्जन मिल से बढ़ कर इसकी संख्या दर्जन भर के करीब हो गई है।

## ओपन जिम खोलने की ग्रामीणों ने उठाई मांग

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नागरिकों की सुविधा तथा व्यायाम और खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों ने सांसद से खेल कूद के लिए ओपन जिम की मांग की है इस संबंध में उप जिला अधिकारी पट्टी को प्रार्थना पत्र देकर इस संबंध में ओपन जिम खुलवाने की मांग की गई है। पट्टी राजा बाजार मार्ग पर शहीद स्थल रुर स्थित है ।इसके आसपास आधा दर्जन गांव स्थित है। यहां के युवा बुजुर्ग सहित महिलाएं शहीद स्थल पर घूमने टहलने के लिए आते हैं रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले संजय यादव ने पट्टी एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि सांसद के द्वारा शहीद स्थल में एक ओपन जिम खोला जाए जिससे सुबह-शाम घूमने टहलने वाले लोगों को जिम में स्वच्छ वातावरण में योग व्यायाम सहित कसरत व्यायाम करने का अवसर मिले।

# सपा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

## मरहूम हाजी अब्दुल रज्जाक के आवास पर हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की शहर स्थित मरहूम हाजी अब्दुल रज्जाक के आवास पर जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय की अध्यक्षता व वासिक खान के संचालन में आयोजित बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर पूर्व प्रमुख विनय प्रताप सिंह को राज्य कार्यकारी के विशिष्ट आमंत्रित सदस्य, डॉ राम बहादुर पटेल विधानसभा अध्यक्ष सदर, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष तबारक हुसैन इद्रेशी, सिटी नगर पंचायत अध्यक्ष,अमीरुल हसन, आशा सरोज राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता सभा, शबनम बानो कार्यकारी सदस्य ,वकार अहमद को मीडिया प्रभारी, उदय सरोज को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी का मनोनयन पत्र सौंपा कर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर गुलफाम खान ने मरहूम हाजी अब्दुल रज्जाक के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह समाजवादी पार्टी के लिए तन मन धन से जुड़े रहे एक सशक्त कार्यकर्ता रहे। आज वह हम सब के बीच नहीं हैं किन्तु उनके पदचिन्हों पर चलकर पार्टी को मजबूत बनाया जा सकता है। इस मौके पर अनिल यादव ने पूर्व विधायक राम लखन यादव द्वारा पार्टी के प्रति दिये गये योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रमुख रूप से ऋषभ कुमार शुक्ला, सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष पाल,अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रमन पासी, व्यापार सभा जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र जायसवाल, जिला सचिव सफात भाई, डॉ एजाज शाहब, आजाद सिद्दीकी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष सराफत उल्ला, शाहिद राइन, उमर अली उर्फ लड्डन खान, एडवोकेट शिवम सिंह, मोहम्मद सुफियान, यूनुस मंसूरी, मुख्तार, वकील अहमद, अब्दुल वाहिद, रियाजुद्दीन, मोहम्मद लाइक, मुनव्वर अली, राजेंद्र मौर्य, जियाउल इसहाक जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, राजकुमार प्रजापति उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, मोहम्मद शाहरुख राइन, इब्ने अली सभासद, अब्दुल खालिक सहित आदि मौजूद रहे।


सपा के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

# चौक घंटाघर के पास रोज लग रहा भयंकर जाम

## बेतरतीब चलने वाली तीन पहिया सवारी व पटरियों पर किया गया अतिक्रमण से लगता है जाम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** तीन पहिया सवारियों के बेतरतीब ढंग से सड़क पर दौड़ने तथा सड़क के दोनों तरफ की पटरियों पर अतिक्रमण से चैक के पास रोज भीषण जाम लग रहा है। इससे लोगों का आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

शहर में प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर शहर का चैक घंटाघर स्थित है। इस मार्ग के दोनों तरफ ठेलेवालों व पटरियों पर बढ़ी दुकानों के कारण पटरियों पर चलना मुश्किल होता ही है और बीच सड़क पर बेतरतीब ढंग से चलने वाले टेम्पो व ई रिक्शा इस कदर जाम लगाते हैं कि स्कूटर व मोटरसाइकिल का आगे निकलना मुश्किल हो जाता है। बता दें कि चैक घंटाघर के पास मकन्द्रूगंज पुलिस चैकी है।

शहरवासियों को बाबागंज, चैक घंटाघर, ठठेरी बाजार, भैरोपुर के आगे तक प्रायः जाम से जूझना पड़ता है। इस बारे में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल शहर के व्यापारियों की बैठक कर उनसे सड़क के किनारे अतिक्रमण न करने की अपील कर चुके हैं लेकिन ठेलेवाले व तीन पहिया वाहनों को तो जैसे किसी की परवाह ही नहीं हैं। वह दाएं-बाएं कहीं से भी आगे बढ़ने की होड़ में जाम लगा देते हैं। इस मुख्य मार्ग पर छुट्टा पशु भी आए दिन जाम में सहायक होते हैं। शहर की मुख्य सड़कों पर छुट्टा पशुओं के आपस में लड़ते रहने व किसी तरफ भागने से कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्टेशन रोड, भंगवा चुंगी पर आए दिन छुट्टा पशु रोज देखे जा सकते हैं। इन पर भी सख्ती बरतनी होगी। नगर पालिका छुट्टा पशुओं की धरपकड़ कर रही है लेकिन छुट्टा पशुओं के बीच सड़क के बीचो बीच बैठने और घूमने पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।


चौक घंटाघर पर लगा वाहनों का लम्बा जाम।

## सांड़ के हमले से प्रधान जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आवारा सांड के हमले से ग्राम प्रधान घायल हो गए। आसपास के लोग उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया गया। दशरथपुर गांव निवासी मोहम्मद मुर्तजा गांव के ग्राम प्रधान है। सुबह वह खेत देखने के लिए खेतों की तरफ गए हुए थे। इस दौरान वहां मौजूद एक आवारा सांड उनकी फसल को नष्ट कर रहा था जिसे हटाने गए ग्राम प्रधान पर उसने हमला कर दिया। आवारा सांड के हमले से ग्राम प्रधान बुरी तरह से घायल हो गए। उनके चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह से सांड को हटाया तो उनकी जान बची। घायल ग्राम प्रधान को इलाज के लिए सीएससी पट्टी लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# आयुष शिविर के साथ तीन दिवसीय सम्पूर्ण स्वास्थ्य शिविर का समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पंडित रामदेव दुबे की स्मृति में शिवकुमारी दुबे इंटर कॉलेज, सुवंसा में चल रहे स्वास्थ्य शिविर के तीसरे दिन भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी प्रतापगढ़ डा. जयराम यादव के निर्देशन में आयुष आपके द्वार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

आयुष शिविर में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से कायचिकित्सा विभाग के डा. रमाकांत यादव एवं संहिता

### शिविर में 450 रोगियों का हुआ परीक्षण

सिद्धांत विभाग के डा. कमल कुमार द्वारा गठिया, जीवन शैली जन्य विकार मधुमेह, उच्च रक्तचाप के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, इसके साथ ही आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डा. त्रिभुवन राम, डा. अवनीश पांडेय, डा. विजय कुमार, डा. आशीष कुमार त्रिपाठी तथा यूनानी चिकित्साधिकारी डा. उमा देवी द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर यथावश्यक रोगानुसार औषधि वितरित की गयी। शिविर में कुल 450 मरीज लाभांवित हुए। इस अवसर पर डा. रमाकांत यादव ने जनमानस को आयुर्वेदीय स्वस्थ जीवनशैली एवं उचित आहार अपनाने की सलाह दी तथा श्री अन्न के लाभों की चर्चा की। कार्यक्रम का संयोजन दिल्ली दूरदर्शन के सेवानिवृत कार्यक्रम अधिकारी डा. महेंद्र दुबे द्वारा किया गया।

# चोरी में वांछित तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 13 हजार रुपये पुलिस ने किया बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जिले में हुई अपराधिक वारदातों के अनावरण व सक्रिय अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा लगातार सूचना संकलन व सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम मे थाना रानीगंज के निरीक्षक शशिकान्त यादव मय हमराह उ0नि0 फिरोज खां, उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव, उ0नि0 अजय कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र रानीगंज के चिरुकुट्टी चैराहा रामनगर रोड़ के पास से थाना स्थानीय पर दर्ज मुकदमे से सम्बन्धित तीन अभियुक्तों रिंकू पुत्र रामकिशुन नि0ग्राम सिसैया थाना तम्बौर जनपद सीतापुर, कमरुद्दीन पुत्र स्व0 मोहम्मद शरीफ नि0ग्राम अकबरपुर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर व जियाउद्दीन पुत्र मो0 सूफियान नि0ग्राम अकबरपुर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर उनके पास से थाना स्थानीय के उक्त अभियोगों से सम्बन्धित चोरी का 13 हजार रुपया बरामद किया गया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि हम लोग जनपद सीतापुर के रहने वाले हैं हम लोगों को जब पता चला कि हमारे साथी सीतापुर में पकड़े गये हैं और उन्होंनें हम लोगों का नाम बता दिया है प्रतापगढ़ पुलिस हम लोगों की तलाश कर रही है इसलिये हम लोग भागने के इरादे से वाहन का इन्तजार कर रहे थे कि आप लोगों ने आकर पकड़ लिया।

# एलआईसी के सेमिनार में श्रेष्ठ लोगों को किया गया पुरस्कृत

## भारतीय जीवन बीमा निगम की यूनिट 31102 का शैक्षिक सेमीनार संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रतापगढ़ की यूनिट 31102 के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य के संयोजन में यूनिट का शैक्षिक सेमीनार व पुरस्कार वितरण होटल शशांक में आयोजित किया गया। सेमीनार में निगम की नई स्कीमों के विषय में जानकारी दी गई। अधिक से अधिक बीमा व्यवसाय के लिए प्रेरित भी किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ता पुरस्कृत हुए।

नई लाभकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए यूनिट के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि निगम की योजनाएं ग्राहक के जीवन में तथा जीवन के बाद व्यक्ति तथा परिवार को स्थायित्व प्रदान करती हैं। दिसंबर बीतने वाला है इसलिए खूब मेहनत करके अधिक से अधिक उपलब्धियां प्राप्त करें। मैं आपके सहयोग के लिए सदा खड़ा रहूंगा। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रतापगढ़ के मुख्य प्रबंधक (डीएम कैडर) दीपक चावला ने कहा कि जो मेहनत करके बुलंदी प्राप्त करते हैं। मान सम्मान उन्हें ही मिलता है। अतः ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों से मिलिए और अपना तथा उनका कल्याण करिए। सहायक शाखा प्रबंधक पंकज सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से अभिकर्ता को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि परिश्रम और लगन से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। कम समय में ज्यादा उपलब्धियां पाना है। बहादुर लोग जीवन में सम्मान पाते हैं और ना रहने पर उदाहरण बन जाते हैं। इस अवसर पर दिल्ली से आई समाजसेविका डॉ0 सीमा दीवाना का सम्मान किया गया। अभिकर्ता पुष्पेंद्र शुक्ला तथा राघव सिंह का निर्धारित समय में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पुरस्कार दिए गए। अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार व पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि निगम की योजनाओं ने असंख्य लोगों का जीवन स्तर सुधारा है।अभिकताओं ने भी अपनी आय बढाक र परिवार को समृद्ध बनाया है। इस अवसर पर समाजसेवी अंतरराष्ट्रीय निदेशक एलायंस क्लब रोशनलाल उमरवैश्य, अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, विनय पांण्डेय, ओम प्रकाश शुक्ला, नंदकिशोर प्रजापति, राम सिंह यादव, ओमप्रकाश कोरी, राजकुमार तिवारी, रमेश मौर्य, विनय पांण्डेय, सुशील कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।


श्रेष्ठ लोगों को सम्मानित करते आयोजकगण।

# कानूपुर मार्ग के पुनरोद्धार के लिये ग्रामीणों ने किया सत्याग्रह

## सत्याग्रह में किसी अधिकारी के ज्ञापन न लेने से रोष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कटरा गुलाब सिंह से कानूपुर मार्ग के पुनरोद्धार हेतु सरदार पटेल तिराहा पर सैकडो ग्रामीणों ने सुबह से शाम तक सत्याग्रह किया। सत्याग्रह मे ज्ञापन न लेने आये जिला प्रशासन के प्रति सत्याग्रहियों ने अफसोस जताते हुए दुख व्यक्त किया और सर्व सम्मति से निर्णय लिया की सड़क का कार्य शुरू होने तक सामूहिक प्रयास जारी रहेगा जिसके क्रम मे आगामी 24 दिसंबर को महा सत्याग्रह का आयोजन होगा।

सामाजिक नेताओ व प्रबुद्ध वर्ग के द्वारा संयोजित सत्याग्रह कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने की। संयोजन सामाजिक नेता लालजी सिंह, वरिस्ठ पत्रकार प्रताप बहादुर सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ अमर बहादुर सिंह, शिक्षाविद् बंशी लाल पटेल, सभासद एशोसिएशन के दीपक जायसवाल, आर टी आई कार्यकर्ता राजीव नयन मिश्र, युवा कार्यकर्ता हेमराज अग्रहरि, बालेंदु सिंह, विवेक सिंह, कमलेश वैश्य, राम लखन पटेल आदि ने किया। सत्याग्रह मे वक्ताओ ने जहाँ सरकार के जनहित के प्रयासो की सराहना की वहीं इस महत्वपूर्ण मार्ग जो प्रयागराज व प्रतापगढ़ के वैकल्पिक मार्ग के साथ साथ राजधानी व अमेठी आदि जनपदो से क्षेत्र को जोड़ता रहा है।

सर्व सम्मत से तय हुआ की आगामी 24 दिसंबर को कटरा गुलाब सिंह तिराहा पर होने वाले महा सत्याग्रह मे व्यक्तिगत रूप से मिलकर विधायक व संसद सदस्य को अनिवार्य रूप से बुलाया जाए। इस दौरान वहीं उपस्थिति युवाओ ने गांव गांव मे जागृति हेतु मशाल जुलूस व कैंडिल मार्च का युवाओं ने निर्णय लिया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से घन श्याम गिरी, देवी प्रसाद मिश्र, प्रेम चंद्र मलहू, धरम चंद्र कौशल, महेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह धोनु, रामू तिवारी, गिरधारी लाल वर्मा, अंकित सिंह, राजेश चाहत, बी एल पटेल, सूरज मिश्र, पप्पू अग्रहरि, अनूप कौशल, शिवम अग्रहरि, राज कुमार अग्रहरि, महेश्वरी पांडे आदि सैकड़ों लोगों ने सत्याग्रह मे प्रतिभाग किया।


सड़क के पुनरोद्धार के लिये सत्याग्रह पर बैठे ग्रामीण।

## मकर संक्रांति पर समाजसेवी करेंगे श्रद्धालुओं के लिए मुफ्त बस की व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** समाज के लिए कार्य करने वाले समाजसेवी हल्लूराम सुंदर यादव मकर संक्रांति के अवसर पर ग्राम सभा बींद सहित चार गांव के लोगों के लिए बस की व्यवस्था गंगा स्नान के लिए किया है, जिसकी सभी लोग सराहना कर रहे हैं। पट्टी तहसील क्षेत्र के बींद गांव के रहने वाले हल्लू राम सुंदर यादव मुंबई में बिजनेसमैन है। समाज के लिए वह कई प्रकार कार्य करते हैं, और लोगो की सेवा करते है, उन्होंने घोषणा किया है कि इस बार मकर संक्रांति के अवसर पर बीद अंडेवरी , भीटार चिंतामणिपुर सहित आसपास के गांव के लिए बस की निशुल्क व्यवस्था की गई है उन्होंने बताया कि मुजाही बाजार से प्रयागराज तक के लिए यह प्रबंध किया गया है जो श्रद्धालु गंगा स्नान में शामिल होना चाहते हैं वह 15 जनवरी को बस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। हल्लू राम सुंदर यादव के इस कार्य की सभी लोग सराहना कर रहे हैं।

# सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा कर सीडीओ ने अधिकारियों को योजनाओं में प्रगति लाने के दिये निर्देश

**कौशाम्बी** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सी0एम0 डैश बोर्ड की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सी0एम0 डैश बोर्ड पर प्रदर्शित विभागवार योजनाओं/ इण्डीकेटर्स की विस्तृत समीक्षा के दौरान ओडीओपी वित्त पोषण, जीबीसी, विद्युत आपूर्ति, कृषि रसायन, पीएम कुसुम, बीज डीबीटी, एम्बुलेन्स, रेडियोलॉजी, दुग्ध विकास समितियों का गठन, जल जीवन मिशन, निपुण, विद्यालयों का निरीक्षण, एमडीएम, निराश्रित गोवंश, गोवंश सुपुर्दगी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, यूपी नेडा एवं प्रधानाचार्य आईटीआई के बैठक में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर वेतन रोकने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभागीय योजनाओं/ इण्डीकेटर्स के क्रियान्वयन में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें, जिससे जनपद रैकिंग में बेहतर से बेहतर स्थान प्राप्त कर सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदेश की महामहिम राज्यपाल जी के जनपद भ्रमण के दृष्टिगत सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियॉ समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायतों में अलाव जलवाने तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गौशालाओं में गोवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि ग्राम चौपाल एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में ग्रामवासियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) की विस्तृत जानकारी दी जाय, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी को लम्बित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन करवाने के निर्देश दियें। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 01 मार्च 2020 के बाद जिस बच्चें की माता या पिता अथवा दोंनो की मृत्यु हुई है, उन बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक (बच्चें द्वारा उच्च शिक्षा ग्रहण किये जाने पर 23 वर्ष की आयु तक) शासन द्वारा पढ़ाई के लिए रू0-2500 प्रतिमाह दियें जानें का प्राविधान हैं बैठक में सीएमओ डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार एवं प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# बसपा सरकार में विधायक निधि की अदला बदली की कई वर्ष बाद भी नहीं पूरी हुई जांच

**विधायक निधि की हेरा फेरी के इस मामले की योगी सरकार ने जांच कराई तो तत्कालीन दोनों विधायकों की मुसीबत बढ़ना तय हैं**

**कौशांबी।** बहुजन समाज पार्टी की सरकार के कार्यकाल में विधायक निधि की अदला-बदली कर दो विधायकों ने अपने परिवार के नाम पर विद्यालय भवन का निर्माण कराया था मामले की शिकायत शासन स्तर से हुई थी सरकार के निर्देश पर विधायक निधि के रकम में गाइडलाइंस के विपरीत निधि अवमुक्त किए जाने के हेरा फेरी की जाच शुरू हुई थी तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी माला श्रीवास्तव ने जांच की दिशा को गति दिया था लेकिन अचानक उनका स्थानांतरण हो गया और विधायक निधि की हेरा फेरी की जांच की पत्रावली विकास भवन से गायब हो गई। गौरतलब है कि बसपा सरकार के दो विधायकों द्वारा विधायक निधि की रकम की अदला-बदली के इस मामले में कई वर्ष बाद भी जांच नहीं पूरी हो सकी है पत्रावली गायब करने वाला विभाग का वह कौन लिपिक कौन है यह जन जन की जुबान में है लेकिन विधायक निधि में सरकार के गाइडलाइन के विपरीत विधायकों के विद्यालय को विधायक निधि की 25 लाख 25 लख रुपए की रकम दे दी गई थी नियम विरुद्ध तरीके से विधायकों के विद्यालयों को विधायक निधि की रकम दिए जाने के हेरा फेरी के इस मामले में वर्षो बीत जाने के बाद भी जांच नहीं पूरी हो सकी है यदि विधायक निधि की हेरा फेरी के इस मामले की योगी सरकार ने जांच कराई तो तत्कालीन दोनों विधायकों की मुसीबत बढ़ना तय है।

# बाइक सवार को ट्रक ने कुचला मौत

### ट्रक और उसका चालक पुलिस हिरासत में है

**कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के चलौली मोड गुगवा बाग के पास रविवार की देर रात्रि बाइक सवार एक अधेड़ को तेज गति अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया है जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है सूचना पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई है और हादसे की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर रोते बिलखते परिजन पहुंच गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर रतगहा निवासी राम बालक उम्र 45 वर्ष रविवार को बाइक से सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली गांव रिश्तेदारी में गए थे रविवार की देर रात्रि वह बाइक से वापस अपने गांव मोहिउद्दीनपुर रतगहा लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार पिपरी कोतवाली क्षेत्र के चलौली मोड़ गुगवा बाग के पास पहुँचे एक बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार अधेड़ रामबालक निवासी मोहिउद्दीनपुर रतगहा थाना चरवा को कुचल दिया हादसे में घायल राम बालक ने दम तोड दिया हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम ग्रामीणों का मजमा लग गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची चायल कस्बा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ट्रक और उसका चालक पुलिस हिरासत में है। मामले की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन पहुंच गए हैं

# दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर चालक और मालिक की गिरफ्तारी न होने से भड़के लोग

**टेडीमोड कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव निवासी किशन लाल पुत्र भगवती प्रसाद के दामाद भानु पुत्र राजा निवासी लोधौर सिहोर थाना हुसैन मई जनपद फतेहपुर 8 दिसंबर को परसखी में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है इस हादसे में दूसरा व्यक्ति घायल है सूचना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा तो लिख लिया लेकिन बाद में थाना पुलिस ने मामले में खेल शुरू कर दिया ट्रैक्टर चालक और मालिक को बचाने का प्रयास शुरू हो गया और इसके बजाय धरना प्रदर्शन करने वाले लोगों के डीजे से दुर्घटना बताते हुए डीजे मलिक को फसाने की रणनीति शुरू हो गई जिससे नाराज लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदर्शन करके थाना पुलिस के कारनामे को उजागर करते हुए ट्रैक्टर मालिक और चालक की गिरफ्तारी की मांग की है इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# एसपी द्वारा कोतवाल पर कार्यवाई किए जाने के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ पत्रकारों का धरना प्रदर्शन

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली परिसर में मंझनपुर कोतवाल के मनमाने रवैए और एफआईआर दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज जनपद के सैकड़ो पत्रकारों ने धरना प्रदर्शन किया,धरना प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों ने एक एक कर पुलिस द्वारा पत्रकारों के प्रति असहयोग की भावना को लेकर चर्चा की गई। न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमलेश शुक्ला द्वारा नाज शोरूम से खरीदी गई गाड़ी के डाक्यूमेंट ट्रांसफर नही किए जाने और बार बार कहने के बावजूद पुलिस द्वारा कार्यवाई नही करने पर और एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज किए जाने के बावजूद इंस्पेक्टर मंझनपुर द्वारा मनमाना रवैया अपनाने और मामले में ढुलमुल रवैया अपनाने को लेकर जनपद के पत्रकारों ने सोमवार को मंझनपुर कोतवाली परिसर पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। पत्रकारों द्वारा धरना प्रदर्शन की सूचना पर तत्काल एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने इस संबंध में विमलेश शुक्ला से वार्ता की और कार्यवाई की बात कही।जिसके बाद पत्रकार संगठन के सैकड़ो पत्रकार साथी मंझनपुर कोतवाली से नारेबाजी करते हुए एसपी आफिस पहुंचे एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कार्यालय के बाहर आकर पत्रकारों से बात की और कार्यवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद धरना समाप्त किया गया।इस संबंध में संगठन के अध्यक्ष विमलेश शुक्ला ने कहा कि यदि इसके बावजूद कोतवाल पर कार्यवाई नही हुई तो पत्रकार संगठन पुनः एसपी आफिस के बाहर धरने पर बैठेगा और न्याय की लड़ाई लड़ेगा। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष बृजेश गौतम उर्फ पप्पू भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री वरिष्ठ पत्रकार शुशील केसरवानी,शिव शंकर तिवारी सुशील मिश्रा उर्फ बबलू नरेंद्र यादव ओमप्रकाश केसरी सतीश नामदेव श्रवण पांडे इंतजार रिजवी राकेश केसरी जिया रिजवी, अशोक कुमार सैफ रिजवी सतीश गोयल अशोक कुमार केसरवानी शिवशंकर मोदनवाल, इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब के पूर्व अध्यक्ष शेषधर तिवारी, इलेक्ट्रानिक मीडिया क्लब के पूर्व अध्यक्ष अभिसार भारती, न्यू प्रेस क्लब के समस्त पदाधिकारी सहित सैकड़ो पत्रकार साथी मौजूद रहे।



# डिस्लेक्सिया एवं एडीएचडी के 04 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सीडीओ ने किया शुभारम्भ

**कौशाम्बी।** डिस्लेक्सिया एवं ए०डी०एच०डी० (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसआर्डर) के 04 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 18 दिसम्बर को सरस हॉल, विकास भवन परिसर, मंझनपुर में किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी, डॉ० रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि डिस्लेक्सिया एवं ए०डी०एच०डी० के बारे में हम सभी ने कभी न कभी किसी से कहीं कुछ पढ़ा या सुना होगा। शायद आपके परिवार में, पड़ोस में या रिश्तेदारी में कोई इस बिमारी से पीड़ित हो लेकिन यह भी सच है कि आपको इस बिमारी के बारे में ज्यादा पता नही होगा। ऐसा भी हो सकता है कि जानकारी की इसी कमी के कारण जब कोई हमें डिस्लेक्सिया एवं ए०डी०एच०डी० से पीड़ित दिखता है तो हम उसे कम बुद्धि वाला व्यक्ति, बेवकूफ या मानसिक रूप से असंतुलित व्यक्ति मान लेते हैं। हलांकि इसमें कुछ भी सच नही है। उन्होंने कहा कि डिस्लेक्सिया एवं ए०डी०एच०डी० से पीड़ित बच्चों को अगर सही सहयोग और मदद दी जाये तो वे भी अपने कैरियर में बहुत तरक्की कर सकते हैं। आज इस कार्यशाला में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को इन दिव्यांगताओं के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि वे इन दिव्यांगताओं से पीड़ित बच्चों की पहचान कर सके एवं उन्हें सही ढंग से शिक्षा देकर उनका मार्ग सुलभ बना सके। शिक्षकों की यह भी जिम्मेदारी रहेगी कि वे इन दिव्यांगताओं से अपने मित्रों, परिवार वालों एवं अन्य साथी शिक्षकों को भी इस कार्यशाला का लाभ दें एवं इन दिव्यांगताओं से पीड़ित बच्चों के जीवन को आसान बनाने में मदद करें कार्यशाला में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा, वरिष्ठ सहायक सूरज कुमार विशेष शिक्षक आशुतोष श्रीवास्तव, इरशाद अहमद एवं सुजान सिंह सेंगर कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहें।




# मजदूर की हत्या में दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महेवाघाट कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के सईदुल्लापुर गांव में दिनांक 17 दिसम्बर को महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव निवासी मजदूर नरेश की गला घोटकर हत्या कर दी गई थी और लाश को ट्रैक्टर ट्राली के नीचे छोड़ दिया गया था दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया था थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की पुलिस ने मुख्य अभियुक्त ननका और फूलसिंह को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ किया तो हत्याभियुक्तों ने जुर्म कबूल कर लिया है पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि गमछा से गला घोटकर नरेश की हत्या की गई है पुलिस ने गमछा बरामद कर लिया है और दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध लिखा पढ़ी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## 19 दिसम्बर को आयोजित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-मोहम्मदपुरवारी, पण्डीरी, नर्ना उर्फ आलमचन्द्र, अकबराबाद, हकीमपुर व धवाड़ा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा बिदनपुर ककोढ़ा, चक सैयद अलीपुर, नसीरपुर, कटैया, मझियारी चक एलाई रोशन व पभोषा में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 19 दिसम्बर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्ल मेरी कहानी मेरी जुबानीह्व के तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्लधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

# 60 प्रतिशत कमीशन पर बनाए जा रहे ब्रेक गार्ड बनते ही हो रहे हैं खराब

### पौधों की सुरक्षा के लिए सरकार ने खर्च कर दिया करोड़ों की रकम साबित हुई निरर्थक, पौधारोपण के नाम पर भी हुए हैं बड़े घोटाले लेकिन जिम्मेदारों ने साध रखी है चुप्पी

**कौशाम्बी** जिले में वन विभाग में घोटाले के बाद घोटाले हो रहे हैं लेकिन मामले की जांच करने के जिम्मेदार अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है जिससे वन विभाग के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं अभी तक पौधारोपण के नाम पर बड़े खेल करने के आड़ में करोड़ों की हेरा फेरी की जांच नहीं पूरा हो सकी है फिर इन दिनों पौधों की सुरक्षा के लिए बनाए जाने वाले ब्रेकगार्ड के निर्माण में बड़ी धांधली की कहानी उजागर होने लगी है विभागीय सूत्र बताते हैं कि 60 प्रतिशत कमीशन पर जिम्मेदारों ने ब्रेकगार्ड के निर्माण का ठेका विभाग के ही एक कर्मचारी को दे दिया है और यह विभाग का कर्मचारी तीसरे दर्जे की घटिया क्वालिटी की ईट और घटिया सीमेंट बालू के मिश्रण से ब्रेक गार्ड बना रहा है अंधेर गर्दी की हद तो तब हो गई जब बनते ही ब्रेकगार्ड टूट रहे हैं वर्तमान वर्ष में टिकरी मार्ग से भेलखा मार्ग पर नहर मार्ग से पोस्टमार्टम हाउस होते हुए टेन शाह आलमाबाद मार्ग पर लगभग 3000 ब्रेक गार्ड का निर्माण कराया गया है बताया जाता है कि एक ब्रेकगार्ड के निर्माण में सरकार ने 4000 से अधिक की रकम खर्च की है लेकिन मौके पर ब्रेक गार्ड के निर्माण में जमकर धांधली की गई है पूरी योजना कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई है विभागीय अफसर ने चुप्पी साध लिया है करोड़ों रुपए की इस योजना में 60 प्रतिशत कमीशन खाने वाला अफसर कौन है यह जांच का विषय है लेकिन अभी तक वन विभाग के शासन स्तर के अधिकारियों ने जिले में हो रही धांधली की जांच करा कर दोषियों को दंडित नहीं किया है हालांकि बीते वर्षों में भी ब्रेक गार्ड के निर्माण में बड़ी धांधली हुई है बीते वर्षो में जिस क्षेत्र में ब्रेकगार्ड बनाए जाने की बात विभाग कर रहा है उस क्षेत्र में ब्रेकगार्ड दिखाई ही नहीं पड़ रहे हैं ब्रेक गार्ड बनाए जाने के मामले में की जा रही धांधली की यदि शासन स्तर से जांच कराई गई तो प्रभागीय वनाधिकारी की मुसीबत बढ़नी तय है।

## रोजगार मेले का आयोजन 19, 20, 21 एवं 22 दिसम्बर को

**कौशाम्बी** जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र, बेनीराम कटरा, कौशाम्बी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां यथा-पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट एवं एलिनइलेक्ट्रानिक्स जैसी कई कंपनियां 500 पदों पर आईटीआई/नॉनआईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही करेंगी। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकतें हैं। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी के क्षेत्र में रूचि रखने वाले अभ्यर्थी जी0डी0एक्स सिक्योरिटी सर्विसेज नोएडा के माध्यम से विकास खण्ड कड़ा में-19 दिसम्बर, ब्लॉक सरसवां में-20 दिसम्बर, ब्लॉक बारा में-21 दिसम्बर एवं ब्लाक सिराथू में-22 दिसम्बर 2023 को रोजगार मेला का आयोजन किया जायेंगा, इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकतें हैं।

# एम वी कॉन्वेंट स्कूल और कालेज में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

**मनौरी कौशाम्बी।** एम वी कॉन्वेंट स्कूल और कालेज में सोमवार को छोटे बच्चों में अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर लोगों का मन मोह लिया है अलग अलग स्कूल के बड़े बच्चों में बास्केट बॉल इन्टर स्कूल टूनार्मेंट का प्रथम दिवस बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ सम्पन हुआ जिसकी लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की है प्ले ग्रुप से कपल रेस में आकृती व सक्षम, नर्सरी क्लास के चॉकलेट रेस में कार्तिक, एलकेजी से अंब्रेला रेस में अनन्या, यूकेजी से बैलेंसिंग बॉल में सायबा एवम शुभ, क्लास सेकंड से स्लो स्कूटर रेस में सुदर्शन एवम श्रेयांस आदि कई स्टूडेंट्स अलग अलग खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय विजेता घोषित किए गए। कई स्कूलों से आए प्रतिभागियों का अन्तिम दिवस बास्केट बॉल टूनार्मेंट 20 दिसंबर को खेला जाएगा जिसमें प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र, मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में एम वी ग्रुप के प्रबंधक डॉ वाचस्पति विधान सभा विधायक बारा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों को खेल की भावना के प्रति प्रोत्साहित किया है उन्होंने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है इस खेल कार्यक्रम में मिस प्रगति मैम, मिस प्राप्ती मैम एवम मिस आकृति मैम चेयरपर्सन एम वी सी एस सी मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र प्रधानाचार्या श्रीमती अनुभा शर्मा एमवीसीएससी कोइलहा पुरामुफ्ती कौशांबी और अन्य प्रिंसिपल्स एवम टीचर्स उपस्थित रहे।




## न्यूज झरोखा

### आयुष्मान भारत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कौशाम्बी** बीआर सी सरसवां पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता की उपस्थिति में आयुष्मान भारत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के भावी कर्ण धारों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य में निवेश न केवल देश की स्वास्थ्य स्थिति बेहतर करेगा, बल्कि सामाजिक आर्थिक विकास में मददगार साबित होगा । इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत के तहत ब्लाक के समस्त प्रधानाध्यापक एव एक एक सहायक अध्यापको को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कर्ता डा0 मनोज कुमार चौरसिया द्वारा किशोरावस्था में प्रारम्भ विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही साथ डा0 मुतुर्जा द्वारा एच आई वी के बचाव के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गयी। डा सारिक द्वारा किशोरावस्था में किशोरो /किशोरियों में होने वाले विभिन्न परिवर्तनो जैसे मासिक धर्म /स्वपन्नदोष आदि विषय में विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर प्रशिक्षण दाता चिकित्सा अधिकारी के साथ साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सरसवा अध्यक्ष नितिन यादव समावेशी,ए आर पी आशुतोष शुक्ला एवं ब्लाक महांत्री दीपक सिंह भी मौजूद रहे।



### अजगर देख राहगीरों में मचा हड़कंप

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के कनवार बॉर्डर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे घूम रहे विशालकाय अजगर को देख कर लोगो मे हड़कंप मच गया ,कुछ साहसी राहगीरों ने अजगर को बोरी में भरकर वन कर्मियों को सूचना दिया जिससे पहुंचे वनकर्मी ने अजगर को दूसरे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है



### नगर पालिका अध्यक्ष के रहमोकरम पर दो मंजिला मकान वाले को मिला आवास

**कोखराज कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी में अध्यक्ष के रहमों करम पर लगातार सरकार के रुपयों को अपने रिश्तेदारों में बाटने का सिलसिला जारी है हद तो तब हो गयी जब एक अदत प्रधानमंत्री आवास के लिए मजलूम कमजोर जरूरतमंद गरीब रोते रह गए और आलीशान भवन के मालिकों को प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के रकम स्वीकृत कर दी गई है आरोप है कि नगर पालिका के अध्यक्ष के रिश्तेदारों को नियम कायदे दरकिनार कर वरीयता पर प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है आखिर सरकारी खजाने की सुरक्षा करने के लिए नगर पालिका के अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन जब वही पक्षपात कर नगर पालिका के खजाने को बर्बाद करने में लगेंगे तो कैसे योगी सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था लागू होगा लोगों ने बताया कि सुरेश कुमार पुत्र राम निहोरे सरोज वार्ड नम्बर 10 मंगल पांडेय टोडी के पुरवा का आलीशान दो मंजिला मकान बना हुआ है दो मंजिला आलीशान भवन बने होने के बाद नगर पालिका के अध्यक्ष के रहमों करम पर प्रधानमंत्री आवास की रकम मिल गई है बताया जाता है कि है नगर पालिका अध्यक्ष के यह रिश्तेदार हैं दो मंजिला आलीशान भवन बने होने के बाद प्रधानमंत्री आवास की रकम मिलने के बाद व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं अमीर को कालोनी मिलना यह दशार्ता है कि योगी सरकार का खजाना केवल अमीरों के लिए खुला है वह भी जो नगर पालिका अध्यक्ष का रिश्तेदार हो



### संगठन के विभिन्न आयाम सब संस्कृति को सुरक्षित करने के मजबूत स्तंभ- अवधेश शुक्ला

**कौशाम्बी।** हिंदू जागरण मंच की एक आवश्यक बैठक मूरतगंज ब्लॉक के संगठन की बैठक रोही गांव में आहूत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला मौजूद रहे जबकि बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष दीपक मौर्य ने किया। इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि संगठन के विभिन्न आयाम हैं जो देश में सनातन को मजबूत करने के लिए मजबूत स्तंभ की तरह काम करते हैं इसलिए हिंदू जागरण मंच के आठों आयामों को मजबूत किया जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर उन्होंने संगठन के कार्यकताओं का आवाहन करते हुए कहा कि 22 जनवरी को जिला मुख्यालय में हिंदू जागरण मंच के द्वारा भगवान राम की विशाल शोभा यात्रा में पहुंचने का आवाहन किया। इसके साथ उन्होंने ब्लॉक के सभी पदाधिकारी से जल्द से जल्द ग्राम कार्यकारिणी के गठन करने का आवाहन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रजत पांडे, शिखर मिश्रा, अनिल कुमार, अनुज, यशवंत सिंह, शिवम पांडे, राजू पासी, सोनू, मिथलेश, सुधांशु अग्रहरी, अतुल गोविंद साहित दर्जनों की संख्या संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी** जनपद की ग्राम पंचायत-मोहम्मदपुर पइन्सा, मिजार्पुर उर्फ खोजवापुर, भीखमपुर, बिरनेर, अवाना आलमपुर, अमीना, गौसेलमपुर, बरैसा, बलिहांवा देह, पनारा गोपालपुर, रसूलपुर सोनी एवं डहरई में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ह्लविकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं लोन से सम्बन्धित अन्य समस्याओं का निस्तारण किया। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल भी लगायें गयें। मेरी कहानी मेरी जुबानीह्व के तहत विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों ने योजना के लाभ से जीवन में आये परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश भी सुना।

### खेत की जुताई कर रहे दो किसानों को मारपीट कर दर्जनों लोगों ने किया लहूलुहान

**टेडीमोड कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलमीपुर गनपा गांव निवासी अंकित सोनकर पुत्र हरिप्रसाद सोनकर सोमवार की दोपहर ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करवा रहे थे इसी बीच वहां रवि पटेल कुलदीप पटेल अपने दर्जनों साथियों के साथ पहुंचे और खेत की जुताई कर रहे ट्रैक्टर चालक मनजीत उर्फ कल्लू को गाली गलौज करते हुए पीटने लगे जब अमित सोनकर ने मारपीट गाली गलौज का विरोध किया तो दबंगों ने उसे भी पीट दिया है आरोप है कि अमित सोनकर के गले से सोने की जंजीर छीन ली गई है हमले में दोनों को चोट आई हैं मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने थाना पुलिस को दिया है।

## संपादकीय

# कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प

**कांग्रेस** आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है।

19 दिसंबर को नई दिल्ली में भारत के घटक दलों की बैठक की पूर्व संध्या पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों से उपलब्ध सभी संकेत बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान बंगाल में भाजपा से मुकाबले के लिए संयुक्त रूप से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन बनाने की इच्छुक है।

इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस-टीएमसी गठबंधन आकार लेता है तो कांग्रेस को राज्य स्तर पर सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ अपना गठबंधन खत्म करना होगा। अब तक कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी से लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में उनके शासन की आलोचना करने में सबसे मुखर रहे हैं। वह इस स्थिति पर कायम रहे हैं कि राज्य कांग्रेस सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ गठबंधन में भाजपा और टीएमसी दोनों से एक साथ लड़ेगी। वर्तमान लोकसभा में, कांग्रेस के पास दो, भाजपा के पास 17 और टीएमसी के पास 23 सीटें हैं। 1964 में अपने गठन के बाद पहली बार सीपीआई (एम) के पास बंगाल से लोकसभा में कोई सीट नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा को 18 सीटें मिलीं, लेकिन आसनसोल में बाद में हुए चुनावों में, टीएमसी ने भाजपा को हरा दिया और इसलिए भाजपा की ताकत घटकर 17 हो गई। इसके अलावा 2019 के एक और भाजपा विजेता अर्जुन सिंह ने भाजपा छोड़ दी और तृणमूल में शामिल हो गये, हालांकि आधिकारिक तौर पर वह अभी भी भाजपा के लोकसभा सदस्य माने जाते हैं। वहीं, बंगाल विधानसभा में भाजपा के विपक्षी नेता शुभेन्दु अधिकारी के पिता और काठी लोकसभा सांसद सिसिर अधिकारी ने टीएमसी से नाता तोड़ लिया है तथा वह अब अपने बेटे का समर्थन कर रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से पिछले पांच वर्षों में बंगाल के चुनावी परिदृश्य में टीएमसी के पक्ष में काफी बदलाव आया है। 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजों से पता चला कि टीएमसी दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में भाजपा से अपना खोया हुआ आधार वापस पाने में सफल रही है, लेकिन उत्तर बंगाल में भाजपा का प्रभाव अभी भी बना हुआ है। टीएमसी ने खुद अपना सर्वेक्षण किया है और उससे पता चला कि उत्तर बंगाल की छह लोकसभा सीटों पर जहां 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी, वहां टीएमसी अपने दम पर उन्हें हराने की स्थिति में नहीं है, लेकिन अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो छह में से कम से कम पांच सीटों पर भाजपा को हार मिल सकती है। सच तो यह है कि कांग्रेस अपने दम पर कोई भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है, लेकिन उत्तर बंगाल की कुछ सीटों पर उसका वोट आधार 5 फीसदी से 12 फीसदी के बीच होने से टीएमसी-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिल सकती है। जहां तक कांग्रेस आलाकमान का सवाल है तो सूत्रों का कहना है कि उसका अपना आकलन कथित तौर पर दिखाता है कि कांग्रेस और सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा का गठबंधन एक साथ टीएमसी से लड़कर भाजपा को हराने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस के अध्ययन में हाल के चुनावों में सीपीआई (एम) के वोट शेयर का विश्लेषण किया गया है। इसका आकलन बताया गया है कि अगर टीएमसी और सीपीआई (एम) के बीच कोई विकल्प चुनना है, तो 2024 के लोकसभा चुनावों में सीटों की बढ़ोतरी निश्चित करने के लिए टीएमसी के साथ गठबंधन कांग्रेस के लिए वांछनीय है।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 4 दिसंबर को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ अपनी बातचीत में विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों को बंगाल में संयुक्त रूप से लड़ने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, जिस पर वह सहमत हुईं और उन्हें जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के लिए कहा। दोनों ने 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, टीएमसी ने चर्चा के पहले चरण में कांग्रेस को तीन सीटों की पेशकश की है, दो वर्तमान सीटें बरहामपुर और मालदह दक्षिण भी शामिल है। इसके अलावा खबर है कि टीएमसी ने कांग्रेस को रायगंज सीट की पेशकश की है। यह सीट अब भाजपा के पास है। कांग्रेस कम से कम छह सीटों की तलाश में है। लेकिन टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की सीटों में और बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस असम में टीएमसी को एक सीट और मेघालय में एक सीट पर सहमत होगी। ध्यान रहे कि असम में 14 लोकसभा सीटें और मेघालय को दो लोकसभा सीटें हैं। टीएमसी उत्तर बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र और टीएमसी के लिए सबसे कमजोर क्षेत्र है। दक्षिण बंगाल के जिलों में अब टीएमसी का दबदबा कायम है जहां भाजपा को हराने के लिए पार्टी को वस्तुतः किसी समर्थन की जरूरत नहीं है। लेकिन उत्तर बंगाल के जिलों में 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा की ताकत में थोड़ी गिरावट आई है। फिर भी यह अच्छी संख्या में सीटें पाने के लिए पर्याप्त है। उत्तर बंगाल के जिलों की छह सीटों में अलीपुर दुआर, बालुरघाट, कूचबिहार, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और रायगंज शामिल हैं। इन सीटों पर भाजपा का वोट शेयर 59 फीसदी से लेकर न्यूनतम 40 फीसदी तक रहा था।

# गुजरात में आप पार्टी में मची भगदड़

अशोक भाटिया

**सालभर** पहले आम आदमी पार्टी ने भाजपा को उसके सबसे मजबूत गढ़ गुजरात में घेर कर खूब सुर्खिय़ां बटोरीं थी। इसका नतीजा ये हुआ था कि भाजपा की तमाम कोशिश के बाद भी गुजरात में आप ने विधानसभा में इंट्री दर्ज करवा दी थी। पार्टी की इस उपलब्धि की तुलना भाजपा के तेलंगाना के प्रदर्शन से की जा सकती है। इतनी सीटें गुजरात में मुख्यमंत्री रहे केशुभाई पटेल और शंकर सिंह वाघेला भी नहीं जीत पाए थे। पार्टी को 14 फीसदी (40 लाख से अधिक) मतों से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया था। तब ये माना गया था आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब के बाद अब गुजरात पर फोकस करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अगर राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के वोट प्रतिशत को देखें तो पार्टी को बड़ी मायूसी हाथ लगी है।




गुजरात में अब आम आदमी पार्टी के 5 विधायक थे , पार्टी ने करीब 13 फीसदी वोट शेयर हासिल किया था। हाल ही में विसावदर सीट से आम आदमी पार्टी विधायक भूपत भयानी के इस्तीफा देने के बाद अब तकरीबन 40 पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पार्टी को अलविदा कह दिया।इसके साथ ही भरूच विधानसभा के 43 पदाधिकारी और कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से पार्टी प्रदेशाध्यक्ष इशुदान गढ़वी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। यह भरूच जिले में पार्टी के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। भूपत भयानी ने विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना था। उन्होंने कहा था कि आम आदमी पार्टी कोई राष्ट्रवादी पार्टी नहीं है। मैं लोगों के हित में काम करना चाहता था। मैं एक राष्ट्रवादी आदमी हूं और पहले भाजपा में था। गौरतलब है कि सितंबर में आदिवासी नेता और 'आप' के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन राठवा विधानसभा चुनाव में हारने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वहीं 'आप' उपाध्यक्ष पद से निष्कासित वशराम सागथिया 21 जून को गुजरात कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

'आप' को बीते दिनों एक और झटका लगा था। 'आप' के सूरत नगर निगम के दो पार्षद भाजपा में शामिल हो गए। यही नहीं, बीते दो सालों में केजरीवाल की पार्टी से करीब एक दर्जन पार्षद भाजपा में शामिल हो गए हैं। सूरत नगर निगम में 'आप' के पहले 27 पार्षद थे लेकिन अब इनकी संख्या 15 पर सिमट गई है।

पिछले साल फरवरी में 'आप' के छह पार्षद भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि उनमें से दो फिर 'आप' में लौट आए। इस महीने की शुरूआत में भी 'आप' के छह पार्षद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। 'आप' के एक नेता ने कहा, दो पार्षदों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए हटा दिया गया क्योंकि वे दूसरों को पैसे का वादा करके भाजपा में शामिल होने के लिए उकसा रहे थे। भाजपा ने इन दावों को खारिज कर दिया है और कहा है कि पार्षद अपनी मर्जी से शामिल हुए थे और उन पर कोई दबाव या प्रलोभन नहीं दिया गया था।

गौरतलब है कि पार्टी गुजरात में पहले की अपेक्षा कम अग्रेसिव है। पार्टी नेता संजय सिंह एक दौरे को छोड़ दिया जाए तो केंद्रीय नेतृत्व के नेताओं ने गुजरात के दौरे नहीं किए। चुनाव प्रचार में पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने आखिरी कार्यक्रम 28 नवंबर, 2022 को किया था। इसके बाद उनका कोई भी दौरा नहीं हुआ है। इसके चलते पार्टी में पहले जैसा जोश नहीं दिख रहा है। केजरीवाल की गुजरात से दूरी के जो भी कारण हों, लेकिन राज्य में इसे उनकी उदासीनता के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक हलकों में इसको लेकर तरह तरह की चचाएं होती है। विधानसभा चुनावों में पार्टी काफी आक्रामक प्रचार किया था। तब ये माना गया था कि गुजरात चुनावों की राष्ट्रीय फलक पर चर्चा ही आप की वजह से हुई, क्योंकि तब कांग्रेस की राष्ट्रीय लीडरशिप गुजरात में चुनावों में बहुत एक्टिव नहीं हुई थी। राहुल गांधी ने सिर्फ दो रैलियां की थीं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि आप के केंद्रीय आलाकमान की उदासीनता के चलते अब तक 70 के करीब नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। कुछ भाजपा में गए हैं तो वहीं ज्यादातर नेताओं में कांग्रेस में इंट्री ली है। इनमें भेमाभाई चौधरी, अर्जुन राठवा, प्रफुल्ल वसावा, वशराम सगठिया और निखिल सवानी जैसे युवा नेता भी शामिल हैं। पार्टी के नेताओं में अजीब सी बेचैनी है। वैसे तो केजरीवाल गुजरात यूनिवर्सिटी के द्वारा किए मानहानि के को लेकर पूरे साल सुर्खिय़ों में रहे। गुजरात विधानसभा चुनावों में से लेकर अब तक सालभर ऐसे कई मौके आए जब ये राज्य के नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व की अनुपस्थिति खली। चाहे वह पार्टी के युवा नेता युवराज सिंह जाडेजा की गिरफ़्तारी हो या फिर पार्टी के राज्य विधायक दल के नेता चैतर वसावा के खिलाफ पुलिस केस। केजरीवाल के आने की चर्चा हुई लेकिन आखिर में कोई कार्यक्रम नहीं बन पाया। ऐसे में सवाल यह उठ रहा कि जिस राज्य में आप को दिल्ली पंजाब के बाद सर्वाधिक सीटें और वोट मिले। क्या केजरीवाल उस गुजरात को भूल गए हैं? राजनीतिक विश्लेषक दिलीप गोहिल गुजरात में केंद्रीय नेतृत्व की कम सक्रियता के लिए हालात को जिम्मेदार मानते हैं। गोहिल कहते हैं अभी क्यों, गुजरात विधानसभा चुनावों में भी केजरीवाल पूरा फोकस नहीं कर पाए थे, क्यों तभी एमसीडी चुनाव घोषित हो गए थे। इसके चलते कैंपेन का आखिरी हफ्ते थोड़ा फीका भी पड़ गया था। गोहिल कहते हैं अब उनके पास उनके विश्वस्त सहयोगी मनीष सिसोदिया भी नहीं है, ऐसे में ठीक है कि वे लंबे वक्त से गुजरात में नहीं आए हैं, इसके अपने-अपने हिसाब से देखा जा सकता है लेकिन इसमें उनकी मजबूरी ज्यादा झलकती है। क्यों कि वे एक साथ कई मोर्चों पर पूरी तरह घिरे हुए हैं।

गोहिल कहते हैं देखना दिलचस्प होगा कि अब केजरीवाल ह्य इंडिया ह्य गठबंधन में किस तरह से आगे बढ़ते हैं, क्या वे दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस के लिए सीट छोड़ेंगे? अगर वे ऐसा करते हैं तो हो सकता है कि तब लोक सभा चुनाव प्रचार के लिए गुजरात का रुख करें।

आम आदमी के जो भी विधायक गुजरात में रह गए है उनका भी रिकार्ड कोई अच्छा नहीं है । एक विधायक और आदिवासी नेता चैतर वसावा पर वन विभाग के कर्मियों को धमकाने और हवा में बंदूक लहराने से संबंधित आरोप लगे थे ।वैसे करीब डेढ़ महीने तक फरार रहने के बाद उन्होंने गुजरात के नर्मदा जिले के डेडियापाडा शहर में पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। उनके साथ सैकड़ों समर्थक भी थे। 'आप' नेता चैतर वसावा के सरेंडर के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए गए । नर्मदा के पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम सरवैया के अनुसार आत्मसमर्पण करने पर चैतर वसावा को तीन अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। 'आप' के प्रवक्ता और गुजरात के राज्य सचिव जयेश संगदा ने भले ही पार्टी का बचाव करते हुए कहा कि भाजपा सरकार एक सच्चे नेता और आदिवासी समुदाय के असली नायक चैतर वसावा को चुप कराने की कोशिश कर रही है। वे चाहते हैं कि वह 'आप' छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाएं। वह हार नहीं मानेंगे। पूरी पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है ।जबकि चैतर वसावा की गिरफ्तारी से ठीक एक दिन पहले ही 'आप' विधायक भूपेंद्र भयानी ने पार्टी छोड़ दी थी

हाल ही में गुजरात में आप पार्टी में मची भगदड़ पर गुजरात भाजपा ने सोशल मीडिया से केजरीवाल पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी ने कुछ दिनों में आप गुजरात में गायब हो जाएगी। आम आदमी पार्टी पार्टी और केजरीवाल के खोखले दावों से उनकी ही पार्टी के विधायक तंग आ गए हैं।

विसावदर के विधायक भूपतभाई भायानी ने इस्तीफा देकर देश विरोधी पार्टी को छोड़ने का जो फैसला किया है इसका अनुसरण बाकी भी चार विधायक कर सकते है । भाजपा की ओर से कहा गया है कि जनता में भटकाने का काम करने वाली आम आदमी पार्टी अब गुजरात से गायब होने की दिशा में है। आप आदमी पार्टी छोड़ने वाली भूपत भायानी के अगले कुछ दिनों में भाजपा में शामिल होंने की अटकलें हैं।

# वसुंधरा ने कैसे किया सरेंडर

रमेश सर्राफ धमोरा

**राजस्थान** में भाजपा विधायक दल के नेता के पद पर पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा का चयन हो चुका है। भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की व जयपुर राजघराने की दिया कुमारी तथा डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली है। इसके साथ ही राजस्थान में विधिवत रूप से भाजपा की सरकार काम करने लग गयी है। भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए भी अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी का नाम तय कर दिया है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका भी विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए चयन हो जाएगा। राजस्थान में भाजपा के 115 विधायक जीत कर आए हैं। इसके साथ ही कई निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा को समर्थन देने के संकेत दिए हैं। ऐसे में भाजपा के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पांच साल तक सरकार चलाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने वाली है। भजनलाल शर्मा के नेता पद के चुनाव से पहले राजनीतिक विश्लेषक आशंका जता रहे थे कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे खुद के अलावा किसी अन्य के नाम पर सहमत नहीं होगी। विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद से ही वसुंधरा राजे द्वारा अपने आवास पर विधायकों को बुलाकर लगातार शक्ति प्रदर्शन भी किया गया था। मगर जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर्यवेक्षक बनकर जयपुर आए तो उन्होंने मात्र दो घंटो में ही भजनलाल शर्मा को अगला मुख्यमंत्री घोषित कर वसुंधरा राजे के पूरे खेल को ही बिगाड़ कर रख दिया था। इतना ही नहीं भजनलाल के नाम का प्रस्ताव भी वसुंधरा राजे से ही करवाया गया था। विधायक दल की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने अपनी जेब से एक पर्ची निकालकर वसुंधरा को दी थी। जिस पर भजनलाल शर्मा का नाम लिखा था। राजनाथ सिंह द्वारा दी गयी पर्ची पर लिखे नाम को पढ़कर एक बार तो वसुंधरा सकपका गयी थी। मगर बाद में उन्होने भजनलाल के नाम का प्रस्ताव कर दिया था।

लोगों का कहना है कि नेता पद के चयन से पहले वसुंधरा राजे व उनके समर्थक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत, प्रहलाद गुंजल जैसे कई नेता व विधायक लगातार कह रहे थे कि वसुंधरा राजे जैसी अनुभवी को ही प्रदेश में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। प्रदेश की खराब वित्तीय स्थिति का सामना वसुंधरा राजे जैसी अनुभवी नेता ही कर सकती है। उनको दो बार सरकार चलाने का अनुभव है। वह पूरे प्रदेश से अच्छी तरह वाकिफ है। मगर वसुंधरा राजे के किसी भी समर्थक की एक भी नहीं सुनी गई और भजनलाल के नाम का की घोषणा हो गई।

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि जब जयपुर में वसुंधरा राजे विधायकों के साथ शक्ति प्रदर्शन कर रही थी। तब उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह पर भी जयपुर के एक होटल के हाडौती के कुछ विधायकों की बाड़ेबंदी करने की खबरें आई थी। तब भाजपा आलाकमान सतर्क हो गया और वसुंधरा राजे को दिल्ली बुलाया गया। दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह ने वसुंधरा राजे को दो टूक शब्दों में समझा दिया था कि इस बार उनको मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा रहा है। पार्टी नए लोगों को आगे करेगी ऐसे में आपको पार्टी का साथ देना चाहिए। चर्चा है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा व अमित शाह ने वसुंधरा राजे को कड़ाई से कह दिया था कि उन्होंने एक लंबी राजनीतिक पारी खेल चुकी है। इसलिए अब उनको विश्राम करना चाहिए। यदि वह पार्टी के निर्णय के साथ रहेगी तो उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह को पार्टी में आगे बढ़ाया जाएगा।

चर्चा है कि अपने पुत्र दुष्यंत सिंह जो झालावाड़ सीट से चौथी बार सांसद है। उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर वसुंधरा राजे ने पार्टी आलाकमान के निर्णय के साथ रहने में ही अपनी भलाई समझी और उन्होंने चुपचाप पार्टी के निदेर्शों का पालन किया। वसुंधरा राजे का पुत्र दुष्यंत सिंह चार बार के सांसद है तथा आगे उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनाए जाने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। बहरहाल वसुंधरा राजे ने तो अपने पुत्र के मोह में पार्टी नेतृत्व के समक्ष हथियार डाल दिए हैं। मगर उनको मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर बारां अंता के विधायक कंवरलाल मीणा, कालीचरण सर्राफ, प्रताप सिंह सिंघवी, बहादुर सिंह कोली जैसे लोग खुलकर सामने आ चुके हैं। इससे उनकी छवि जरूर पार्टी नेतृत्व के सामने दागदार हुई है। हो सकता है आने वाले समय में उन्हें पार्टी द्वारा सरकार या संगठन में कोई जिम्मेदारी भी नहीं दी जाए। पार्टी आलाकमान के निर्देश पर ही वसुंधरा राजे ने भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार ग्रहण करते समय सचिवालय जाकर उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद देते कि फोटो भी खिंचवाकर आल इस वेल का सन्देश भी दे चुकी हैं। वसुंधरा इतना सब अपने पुत्र कि खातिर ही कर रही हैं। वरना उनकी विद्रोही छवि व लड़ाकू स्वभाव से हर कोई वाफिक हैं।

अब पार्टी ने भी उनके स्थान पर राजपूत नेता के तौर पर जयपुर राजधराने की दीया कुमारी को उपमुख्यमंत्री बना कर प्रदेश की राजनीति में आगे बढ़ा दिया है। दीया कुमारी उनकी तरह बड़े राजपरिवार की बेटी के साथ महिला भी हैं। दीया कुमारी राजसमंद से सांसद व दूसरी बार विधायक बनी है। उन्होने विधाधर नगर सीट पर राजस्थान में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। दूसरा उपमुख्यमंत्री अनुसूचित जाति के डा. प्रेमचंद बैरवा को बनाया गया हैं। जो वसुंधरा गुट के माने जाते थे। मगर अब बैरवा सरकार में शामिल हो गये हैं। इसी तरह अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर वसुंधरा के साथ रहने वाले विधायक भी अब एक-एक कर खिसकने लगे हैं।

वसुंधरा राजे स्वयं इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है। भाजपा में जिस तरह से आलाकमान प्रभावी है। उसको देखकर नहीं लगता है कि वसुंधरा राजे को आगे चलकर पार्टी में कोई और अधिक बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। मौजूदा संकेतों से तो वसुंधरा राजे का राजनीतिक भविष्य गुमनामी की ओर ही जाता दिख रहा है। उनके कई समर्थकों का इस बार टिकट भी काट दिया गया। मौजूदा हालात को देखकर तो लगता है कि आने वाले समय में वसुंधरा राजे के अन्य समर्थको को भी पार्टी में प्रभावहीन कर दिया जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। बहरहाल राजस्थान में जहां हर बार सरकार बदलने की परंपरा इस बार भी कायम रही है। वही एक बार वसुंधरा राजे एक बार अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री बनने का सिलसिला टूट गया है। भाजपा ने वसुंधरा राजे के स्थान पर भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनकर पुरानी परंपराओं को समाप्त कर प्रदेश में एक नई राजनीति की शुरूआत की हैं। यह कितनी सफल रहेगी इसका पता तो आने वाले समय में ही चल पाएगा।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# मोदीमय भारत के मायने

महेश वर्मा

**किसी** भी सरकार के काम का फायदा तभी है, जब वह आबादी के अंतिम व्यक्ति तक प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से पहुंचे। यह फायदा अनेक क्षेत्रों से जुड़ा है, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, विकास आदि। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में पहल करते हुए सुधार किए। इससे विभिन्न वर्गों को फायदा हो रहा है। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में समृद्धि की विभिन्न योजनाओं को प्राथमिकता दी, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का विकास हो सके। मोदी सरकार ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए भगीरथ प्रयास किए। स्वच्छ जीवनशैली के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। आज इनका प्रभाव दिख रहा है। इन योजनाओं ने स्वच्छता से जुड़े कई नवाचारों को प्रोत्साहित किया है जो धीरे-धीरे जन-जन के जीवन का हिस्सा बन रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' अभियान के माध्यम से मोदी सरकार ने भारतीय उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। इस योजना के माध्यम से रोजगार में वृद्धि हो रही है। स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिल रहा है और आर्थिक समृद्धि हो रही है।

'आयुष्मान भारत' योजना के तहत सस्ती चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करके सरकार ने आम और गरीब लोगों तक भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया है। इस योजना का लाभ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों तक पहुंच रहा है। गरीब और कमजोर वर्ग को मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत, सरकार ने लोगों को सस्ते मकान प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों को आवास के लिए सब्सिडी और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मोदी सरकार की 'जन धन योजना'(पीएमजेडीवाई)के माध्यम से आम लोगों तक बैंक सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इससे न सिर्फ लोगों को सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ पहुंच रहा है, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी लगाम कसी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से सरकार ने गरीब गृहिणियों को मुफ्त गैस सिलेंडर प्रदान करके भोजन बनाने का सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद विकल्प प्रदान किया हैं। उज्ज्वला योजना का ही परिणाम है कि नीरधुर स्टोव जैसे नवाचार हो सके, जो न सिर्फ ग्रामीण गृहिणियों के लिए आरामदेह हैं, बल्कि पर्यावरण के भी अनुकूल हैं। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ) योजना में कामगारों को रोजगार प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार सभी राज्यों को धन आवंटित करती है और कामगारों को हर महीने निश्चित संख्या में रोजगार की गारंटी प्रदान करती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) किसानों को अपनी उपज की रक्षा के लिए सुरक्षित बीमा योजना प्रदान करती है। `ट्टांश्ल्लाङ्कङ्क जैसी पहल न सिर्फ किसानों को समय-समय पर उचित सलाह देती है, बल्कि आपदा की स्थिति में फसल के नुकसान का सही आकलन भी करती है, ताकि किसानों को वाजिब मुआवजा मिल सके।

मोदी सरकार ने भारतीय रेलवे को मॉडर्नाइज करने के लिए कई तरह की पहल की हैं। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है। परिणामस्वरूप देश के अलग-अलग हिस्सों में तेज रफ्तार वंदे भारत ट्रेनों की श्रृंखला देखने को मिल रही है और भारत में बुलेट ट्रेन की परिकल्पना साकार होने की दिशा में बढ़ रही है। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण और संविधानिक फैसले भी किए हैं। इनका भारतीय राजनीति पर गहरा प्रभाव पड़ा है। मसलन-

राम जन्मभूमिः मोदी सरकार ने राम जन्मभूमि मुद्दे में समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाए।

# धारा 370 को सर्वोच्च न्यायालय ने किया निरस्त, पर अनेक मुद्दे रह गये अनुत्तरित

अरुण श्रीवास्तव

**सॉलिसिटर**-जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया था कि अगस्त 2019 में धारा 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर को दिया गया केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा केवल एक 'अस्थायी' उपाय था। उस वक्त सरकार ने कहा था कि वह उग्रवाद और आतंकवाद को खत्म करने के लिए यह कदम उठा रही है। अब मोदी सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आतंकवाद खत्म हो गया है, विशेषकर इसलिए कि सरकार द्वारा उठाये गये कदम को अस्थायी बताया गया था। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 11 दिसंबर को अपने फैसले में संविधान की धारा 370 को निरस्त करने को बरकरार रखा, जिसके बहुआयामी निहितार्थ हैं। शीर्ष अदालत ने धारा 370 की उपधारा (बी) को हटा दिया, लेकिन उसने सीधे तौर पर यह घोषणा नहीं की कि धारा 370 का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। उपधारा (बी) के अस्तित्व समाप्त होने की पृष्ठभूमि में, यह माना जा सकता है कि धारा 370 अप्रचलित हो गई है और अस्तित्वहीन है। बेशक, आरएसएस, भाजपा और मोदी जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 के प्रावधानों को निरस्त करने की अपनी योजना की सफलता का दावा कर सकते हैं और इसे 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक बड़ी राजनीतिक जीत के रूप में इस्तेमाल करने का प्रयास कर सकते हैं। परन्तु संभवतः हिंदू मध्यम वर्ग के मतदाताओं और भक्तों के एक वर्ग के मानस को प्रभावित करने में सफल होने पर, यह निकट भविष्य में राजनीतिक कार्रवाइयों और जवाबी प्रतिक्रियाओं की एक श्रृंखला शुरू कर देगा। पीठ ने फिर भी फैसला सुनाया कि 'जम्मू-कश्मीर की कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है' और 1947 के विलय पत्र के माध्यम से उसने भारत संघ को 'पूर्ण रूप से और अंततः आत्मसमर्पित' कर दिया था, और धारा 370 एक अस्थायी उपाय मात्र था। निश्चित रूप से यह जम्मू-कश्मीर के आम लोगों की गलती नहीं है कि उनके पास 'आंतरिक संप्रभुता' नहीं है जो अन्य राज्यों द्वारा प्राप्त संप्रभुता से अलग है।

# तीन शातिर चढे पुलिस के हत्थे, 13 फोन-मोटरबाइक-तमंचा बरामद

## पुलिस की संयुक्त कार्यवाही का नतीजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर व स्वाट टीम ने तीन शातिर चोरों को चोरी की मोटरबाइक व 13 मोबाइल फोन तथा तमंचा-कारतूस समेत दबोचा है।



पत्रकारों से बात करते एएसपी।

सोमवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि 17 दिसम्बर को राहुल कुमार पुत्र शत्रुघ्न प्रसाद निवासी अर्की थाना सरधुवा ने मोबाइल फोन अज्ञात चोर के बाईपास रोड़ कस्बा राजापुर से चोरी करने बाबत थाने में तहरीर दी। मामला दर्ज होते ही गिरफ्तारी-बरामदगी को पुलिस अधीक्षक ने राजापुर थानाध्यक्ष व प्रभारी एसओजी को निर्देश दिए। मुखबिर की सूचना पर उसी दिन मोटरबाइक पर बैठे तीन लोगों को महेबाघाट से कर्वी की ओर जाते समय चोरी के फोन व तमंचा-कारतूस समेत पुलिस ने बाजपेई तिराहा लूपलाइन से दबोच लिया। दबोचे तीनों ने नाम-पता निर्भय सिंह उर्फ मोंटी पुत्र बालकरन सिंह निवासी घरवासीपुर खखरेरु जिला फतेहपुर, संगमलाल निषाद पुत्र गंगाप्रसाद निवासी शिवपुरी थाना खखरेरु व जीत उर्फ रोहित सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी चकिया थाना खखरेरु जिला फतेहपुर बताया।

तीनों की जामातलाशी में 13 मोबाइल फोन, तमंचा-कारतूस मिले। पूंछतांछ में बताया कि बरामद फोन अलग-अलग जगहों से चोरी किए हैं। पुलिस ने आरोपियों से फोन, तमंचा-कारतूस व मोटरबाइक बरामदगी पर मामला दर्ज किया। तीनों का आपराधिक इतिहास है। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार, निरीक्षक एमपी त्रिपाठी प्रभारी स्वाट, अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव, दीवान प्रदीप द्विवेदी, दरोगा इमरान खान, सिपाही रोहित सिंह, लवकुश, रोशन सिंह, अजय मिश्रा, ज्ञानेश मिश्रा शामिल रहे।



ग्रामीणों को प्रशस्ति पत्र देते चेयरमैन।

# पीएम मोदी की ग्रामीणों को बताई योजनायें: नरेन्द्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा के वरिष्ठ नेता/नगर पालिका परिषद कर्वी के चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मानपुर गांव में चैपाल लगाई। सोमवार को नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने मानपुर गांव में चैपाल में ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाते हुए कहा कि शासन की गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिस किसी को लाभ न मिला हो, वह उनसे सीधे सम्पर्क कर सकता है। संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जारी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र बांटे। इस मौके पर ग्रामीणों समेत भाजपा नेता मौजूद रहे।

## हज जाने के इच्छुक 20 तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि सूबे के हज समिति के सचिव के जारी निर्देश पर हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई ने 20 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन भरे जायेंगे। सोमवार को उन्होंने बताया कि हज कमेटी आफ इंडिया मुंबई की वेबसाइट पर आवेदन भरे जा सकते हैं। हज ई-सुविधा केंद्र/हज फैसिलिटेशन सेंटर किंग्शन स्कूल के सामने द्वारिकापुरी कर्वी चित्रकूट कार्मिक हाजी वसीम अहमद मोबाइल नंबर 8924817172 है। हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों से कहा कि फैसिलिटेशन सेंटर से सम्पर्क कर हज यात्रा को ऑनलाइन आवेदन 20 दिसम्बर तक कर सकते हैं।

## ठेकेदार पंजीयन को कर सकते आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण निर्माण/विकास कार्यों के ठेकेदारों के पंजीयन को 14 दिसम्बर से 14 जनवरी तक आवेदन मांगे गये हैं। पंजीकरण को पांच सौ रुपये जमाकर प्राधिकरण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आवेदन ले सकते हैं। पंजीकरण को निर्धारित आवेदन नियमावली में है। इसे भरकर कार्यालय में 14 जनवरी तक जमा कर सकते हैं।

# पयासी पुरवा बांध पिचिंग में उठ रहे सवाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सिंचाई विभाग लाखों की लागत से बांध में तकरीबन सात सौ मीटर पिचिंग कार्य में क्रशर डस्ट का प्रयोग कर रहा है। मानकविहीन निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। लोकल बोल्डर व गिट्टी का फाउंडेशन मे मशाला डालने की बजाय सूखी बजरी डालकर कार्य किया जा रहा है।

सोमवार को सिंचाई विभाग के कार्यों का खुलासा हुआ। बताया गया कि पिचिंग में पत्थर के ढोका लगाकर खानापूरी की जा रही है। तमाम खामियों के बावजूद विभाग के अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही। विभागीय अफसरों की मिलीभगत से सरकार को चपत लगाई जा रही है। मानिकपुर क्षेत्र के किहुनिया गांव में पयासी पुरवा बांध में सिंचाई विभाग पिचिंग निर्माण करा रहा है। सरकार ने बड़ी धनराशि मंजूर की है। बांध के पानी का भंडारण कर किसानों को सिंचाई योजना को मूर्त रूप देना है। ठेकेदार व विभागीय अफसरों की मिलीभगत से निर्माण कार्य खामियों की भेंट चढ़ रहा है। निर्माण में स्थानीय सामग्री का उपयोग करने से तकनीक की भी अनदेखी की जा रही है। विभाग की चुप्पी मिलीभगत का इशारा कर रही है।

# देश-विदेश के डॉक्टरों ने साझा किये अनुभव

## दो दिवसीय कार्यशाला में लिया हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संत रणछोड़दास महाराज के स्थापित अंतर्राष्ट्रीय सदगुरु नेत्र चिकिसालय में दो दिवसीय नेत्र चिकित्सकीय रेटीना/युविया कार्यशाला में देश-विदेश के 180 से अधिक नेत्र चिकित्सकों ने हिस्सा लिया।

सोमवार को कार्यशाला आंख के अंदरूनी हिस्से में सूजन की बीमारी विषयक में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विशेषज्ञों ने अनुभव, नवीन शोध, नवाचार पर चर्चा की। नेत्र रोगियों को चिकित्सा देकर देश से अंधत्व निवारण को गति दी। शुभारम्भ अतिथियों ने दीप जलाकर यि। मुख्य अतिथि एमके राठौर, डा दिनेश तलवार, डा रूपेश अग्रवाल सिंगापुर, डा पद्मा मालिनी, महेंद्र दास, डा सौम्यावा वासु, डा सुधर्शन, श्रीधरन, मेजर जनरल डा जेकेएस परिहार, डा अनूप केलगावकर, प्रो आमोद गुप्ता, डा पंकज चैधरी, डॉ आलोक सेन, डॉ राकेश शाक्या, डॉ नरेंद्र पाटीदार, डॉ गौतम सिंह परमार, डॉ राजेश जोशी, डा अमृता मोरे समेत सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के सभी डॉक्टर मौजूद रहे। रेटीना विभाग के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा आलोक सेन ने कहा कि दो दिवसीय कार्यशाला में देश-विदेश से आए डॉक्टरों की सहभागिता से अनुभव साझा हुए। चिकित्सा क्षेत्र में ये मील का पत्थर साबित होगी।



कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर।

# चालकों-परिचालकों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

*चित्रकूट। एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन विवेक शुक्ला द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15 से 31 दिसंबर तक चला रहे हैं।*

*सोमवार को परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक गुलाब चन्द्र, यात्री कर माल कर अधिकारी डॉ संतोष कुमार तिवारी ने राजकीय चिकित्सालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ कैंप लगाया। परिवहन निगम के चालकों -परिचालकों एवं व्यवसायिक वाहन चालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण कराया। परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों ने सभी व्यावसायिक वाहनों ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, बैक लाइट, फॉग लाइट मानक अनुरूप लगे होने एवं क्रियाशीलता के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इस बाबत वाहन मालिकों को विस्तार से जानकारी दी गई। आमजनता को भी यातायात नियमों के बारे में बताया।*

# अवैध कब्जे तत्काल करायें खाली: एडीएम

## डीएम की गैरमौजूदगी में एडीएम ने दिखाये तेवर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एडीएम वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव ने कर-करेत्तर, राजस्व वसूली, चकबंदी कार्यों, सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति करायें।

सोमवार को एडीएम वन्दिता श्रीवास्तव ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि तालाब -पोखर, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे तत्काल खाली करायें। अविवादित वरासत अभियान चलाकर निस्तारित करें। गांवसभा की जमीनों पर कोई कब्जा नहीं होना चाहिए, प्रभावी कार्यवाही करायें। धारा-67 के मामले में एसडीएम देखरेख में निस्तारित करें। जिन गांवों में चकबन्दी हो रही है, शासन की मंशानुसार करायें। सीएम डैशबोर्ड में जिले की रैंकिंग कम नहीं होनी चाहिए।

बैठक में एसडीएम सदर सौरभ यादव, मानिकपुर एसडीएम राम जन्म यादव, राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झा, एएसडीएम पंकज वर्मा, सतीश चन्द्र, मो जसीम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, डीसी वाणिज्य कर आरके सोनी, एआरटीओ विवेक शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, ईओ मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बीएन कुशवाहा, मऊ बीएन मिश्रा, एई सिंचाई गुरु प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# एएसपी ने जांची बैंकों की सुरक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कोतवाली कर्वी के बैंकों की जांच की।

सोमवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने जांच दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर देखे। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सुरक्षा बाबत निर्देश दिये। सतर्कता से ड्यूटी करने को कहा। बैंक में लगे अलार्म/सायरन, सीसीटीवी कैमरों को देखकर कहा कि कैमरे सही ढंग से कार्य कर रहे हैं या नहीं। शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा बाबत चर्चा की। परिसर में संदिग्धों की जांच की। बैंक में अनावश्यक रूप से बैठे लोगों को परिसर से बाहर करने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय व शहर कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



शाखा प्रबंधक से बात करते एएसपी।

# नजूल भूमि फ्रीहोल्ड बिना कोई नहीं कर सकता कब्जा: सुशील

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि नजूल भूमि कहीं की भी हो, उसे बिना फ्रीहोल्ड कराये कोई भी उपयोग में नहीं ले सकता, चाहे वह नगर पालिका ही क्यों न हो। सोमवार को पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने सूबे के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि पालिका से सटी तुलसी स्मारक पुस्तकालय पुरानी बाजार कर्वी की भूमि के इमारत से लगी जमीन सैकड़ो वर्ष से नजूल में दर्ज है। तुलसी स्मारक के नाम कितनी लंबाई-चैड़ाई में जमीन है। तुलसी स्मारक की देख-रेख करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व बलदेव प्रसाद गुप्ता को शासन ने पट्टे पर निश्चित अवधि पर दी थी। अब उसके अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं। तुलसी स्मारक के पट्टे की अवधि कब तक की है। पालिका को अधिग्रहण का अधिकार किसने दे दिया।



पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव।

उन्होंने कहा कि ये भूमि नजूल की है। नजूल भूमि फ्रीहोल्ड कराये बगैर किसी विभाग को देने का अधिकार नहीं है। शासन के नियमानुसार फ्रीहोल्ड की धनराशि जमा करने के बाद ही नजूल भूमि को उपयोग में लिया जा सकता है। उन्होंने रामलीला भवन के सामने अवैध कब्जेधारकों को हटाने के बाद खाली हुई नजूल भूमि पर बाउंड्री बनाने के टेंडर में कितने लोगों ने हिस्सा लिया। किसके नाम टेंडर हुआ, इस बाबत भी सवाल उठाया है।

## गोष्ठी में यातायात नियमों के पालन पर दिया जोर

**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे चरण एसपी श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राज कमल की देखरेख में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने रेलवे स्टेशन, शहर के प्रमुख चैराहों में टेम्पो-ऑटो चालकों, ई-रिक्शा चालकों के साथ गोष्ठी की।

सोमवार को रेलवे स्टेशन पर आटो/टैक्सी, ई-रिक्शा चालकों से यातायात प्रभारी शैलेन्द्र ने कहा कि क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठायें। पायदान पर यात्रियों को लटका कर यात्रा न करायें। वाहन का फिटनेस व बीमा आदि सभी यातायात नियमों का पालन करें। ऐसा न करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी।

# एसपी के निर्देश पर पांच पर गैंगेस्टर एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी ने संगठित गैंग बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलाप एवं गौ तस्करी संगीन अपराध करके आर्थिक-भौतिक लाभ लेने पर पांच के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की है।



एसपी वृन्दा शुक्ला।

सोमवार को मऊ थानाध्यक्ष राजेश कुमार द्विवेदी ने मो अकरम पुत्र मो इबरार निवासी सकूहाबाद जिला प्रतापगढ़, वीरू व आलोक पुत्र फेरम सिंह निवासी पूरब पताई, मेघई उर्फ विजय पुत्र लाली केवट निवासी गोलू का डेरा मजरा बरियारी कला, तेजई पासी पुत्र कल्लू उर्फ पंडा पासी निवासी कसा पुरवा मजरा बरियारी कला व राजेंद्र पासी पुत्र श्यामलाल निवासी कुसहाई मजरा बरियारी कला के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खलबली मची है।

## अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों के बीच है मुकाबला

**चित्रकूट।** जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर अवधेश मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अशोक शुक्ला ने भी नाम वापस लिया है। संयुक्त सचिव लाइब्रेरी में कमलेश यादव ने भी पर्चा वापस लिया है।

सोमवार को पर्चा वापस लेने के बाद अध्यक्ष पद की लड़ाई अब रोमांचक हो गई है। अध्यक्ष पद पर संजय करवरिया व सुरेश प्रभु के बीच लड़ाई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद आनन्द मिश्रा व शिवकुमार सिंह के बीच रोमांचक मुकाबला है। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड ने निर्विरोध निर्वाचित कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आशीष तिवारी, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी विक्रम सिंह को शुभकामनायें दी। प्रतिक्रिया में वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि कल सभी प्रत्याशियों का दक्षता भाषण है। कुछ हद तक चुनावी समीकरण स्पष्ट हो जायेंगे।

# वार्ड मेम्बर लतीफ प्रदेश में हुए सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के 11 हजार वार्ड मेम्बरों में अच्छे सुझाव-विचार व सोंच के चलते नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ में कर्वी नगर पालिका परिषद के वार्ड मेम्बर लतीफ उर्फ शहजादे का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया है।

सोमवार को वार्ड मेम्बर लतीफ उर्फ शहजादे को नगर पालिका परिषद कार्यालय में चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता व ईओ लालजी यादव ने बधाई देते हुए कहा कि लतीफ की अच्छी सोच व सुझाव के चलते नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर नगर पालिका के गौरव को बढाया है। ज्ञात है कि लतीफ उर्फ शहजादे तीसरी बार वार्ड मेम्बर चुने गये हैं। वह अपने वार्ड व नगर में भी अच्छी सोच व सुझाव के लिए जाने जाते हैं।



वार्ड मेम्बर लतीफ उर्फ शहजादे को बधाई देते चेयरमैन व ईओ।

# युवा व्यापारियों ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता को युवा उद्योग व्यापार मंडल ने ज्ञापन सौंपकर सुझाव दिये हैं। सोमवार को युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल गुप्ता, प्रदेश मंत्री प्रदीप गुप्ता, जिला महामंत्री अंकित पहारिया, रोहित कश्यप, धर्मचन्द्र, मोहित जैन, राम गुप्ता, शुभम गुप्ता, महादेव वर्मा आदि ने नगर पालिका चेयरमैन को सौंपे ज्ञापन में कहा कि ठंड ऋतु शुरू हो गई है। मौजूदा समय में सवेरे-शाम तापमान कम होने से नगर पालिका क्षेत्र में अलाव जलवाये जायें। राहगीरों, आमजनता, बाहर से आये तीर्थ यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। जल्द सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाये जायें। पालिका क्षेत्र में बनाये यूरिनल में गंदगी व्याप्त है। आसपास बदबू से लोग परेशान हैं। मौसम में बदलाव के चलते मच्छर-मक्खी पनप रहे हैं। नालियों में कीटनाशक समेत फॉगिंग करायें।

# अब्देल फतह अल-सीसी 89.6 फीसदी वोट के साथ मिस्त्र की सत्ता पर तीसरी बार काबिज

**काहिरा।** मिस्त्र के राष्ट्रपति के रूप में अब्देल फतह अल-सीसी ने बंपर 89.6 फीसदी वोट के साथ देश की सत्ता पर तीसरी बार काबिज हुए हैं। नेशनल इलेक्शन अथारिटी ने सोमवार को यह जानकारी दी। लगातार तीसरी जीत के साथ अगले छह वर्ष तक देश की सत्ता में रहेंगे।

राष्ट्रपति अल-सीसी को चुनाव में आसान जीत के कारण किसी भी विपक्षी दल की तरफ से गंभीर चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। मिस्त्र की धीमी अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी थी। लेकिन गाजा में लड़ाई छिड़ जाने से राष्ट्रपति को इससे निपटने में सफलता मिली। कुछ मतदाताओं ने स्पष्ट कहा कि गाजा के संघर्ष ने उन्हें राष्ट्रपति अल-सीसी को




फिर से वोट देने के लिए प्रेरित किया। इससे हिंसा प्रभावित क्षेत्र में देश की स्थिरता को बल मिलेगा।

मिस्त्र में 10-12 दिसंबर को हुए चुनाव में 66.8 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2018 के पिछले चुनाव से 41 प्रतिशत से काफी अधिक है। अल-सीसी के मुकाबले तीन अन्य उम्मीदवारों में कोई भी हाई प्रोफाइल नहीं था। अल-सीसी सेना के पूर्व जनरल हैं। वह 2014 में पहली बार लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित हुए थे। उसके बाद 2018 में चुनाव जीता था। 2019 में संविधान संशोधन के जरिये राष्ट्रपति के कार्यकाल को चार वर्ष से बढ़ाकर छह वर्ष कर दिया गया था।

## जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज कोरोना पॉजिटिव, प्रधानमंत्री मोदी ने की स्वस्थ होने की कामना की

**नई दिल्ली।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज कोरोना वायरस के नए वेरिएंट से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने स्वयं इसकी पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस संबंध में एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना के कुछ लक्षण हैं, मुझे उम्मीद है कि यह हल्का होगा और शुरूआत में मैं बस अपने डेस्क से काम करूंगा।

ओलाफ स्कोल्ज कोरोना पाजिटिव की खबर सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेरे मित्र ओलाफ स्कोल्ज, "मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं।"

## मध्य मेक्सिको के साल्वाटिएरा शहर में क्रिसमस समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में 16 की मौत



**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के उत्तर-मध्य प्रांत गुआनाजुआतो के साल्वाटिएरा शहर में रविवार तड़के एक क्रिसमस समारोह में शामिल लोगों पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिसमें करीब 12 लोगों की मौत हो गई। राज्य अभियोजक ने यह जानकारी दी।

राज्य अभियोजक ने यह भी बताया कि सलामांका शहर में गोलीबारी की एक अन्य घटना में चार और लोगों की मौत हो गई, लेकिन हमले के हालातों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। स्थानीय मीडिया में बताया गया है कि साल्वाटिएरा में क्रिसमस समारोह के खत्म होने के बाद जब लोग कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल रहे थे तभी उन पर गोलीबारी की गई। गुआनाजुआतो में जलिस्को माफिया और सिनालोआ माफिया समर्थित स्थानीय गिरोहों के बीच खूनी संघर्ष देखा जाता रहा है। मेक्सिको के इस राज्य में सबसे अधिक हत्याएं दर्ज की गई है।

अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, कैरेबियन तट के रिसॉर्ट टुलम में रविवार को हुए हमले में तीन लोगों की गोली लगने से मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। प्रांत अभियोजक क्विंटाना रू ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गोलीबारी की यह घटना मादक पदार्थ तस्करों के बीच विवाद का नतीजा है। ऐसे में इससे देश की आम जनता और हमारे पर्यटकों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। हालांकि, पूर्व में टुलम में स्थानीय मादक पदार्थ गिरोहों के बीच गोलीबारी में पर्यटकों के मारे जाने की घटनाएं भी सामने आई थीं।

साल 2021 में टुलम में दो पर्यटक- भारत में जन्मे कैलिफोर्निया ट्रैवल ब्लॉगर और जर्मनी के पर्यटक, की एक रेस्तरां में दो मादक पदार्थ गिरोहों के बीच हुई गोलीबारी में मौत हो गई थी।

## पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को जमानत मिली



**रावलपिंडी।** रावलपिंडी की एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार पूर्व संघीय मंत्री फवाद चौधरी को सोमवार को जमानत दे दी। अदालत ने पूर्व मंत्री को रिहा करने और दो लाख रुपये का जमानत बॉन्ड जमा करने का आदेश दिया।

पाकिस्तान के समाचार चैनल जिओ न्यूज की वेबसाइट के अनुसार कानूनी राहत मिलने के बाद विशेष अदालत के बाहर फवाद चौधरी के भाई और वकील फैसल चौधरी ने पत्रकारों को कहा कि उनके भाई फवाद अगले साल आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ेंगे।

जिओ न्यूज के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पूर्व नेता फवाद को नवंबर में गिरफ्तार किया गया था। अगस्त, 2022 के एक मामले में शुरू में उन्हें अदालत ने दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। इस मामले में उन पर एक नागरिक से पांच मिलियन रुपये की रिश्वत लेने का आरोप था। फिलहाल फवाद चौधरी न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल रावलपिंडी में बंद हैं। स्थानीय नागरिक इसे अडियाला जेल भी कहते हैं।

## त्रिभुवन विश्वविद्यालय ने एक साथ 73 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में शामिल करके बनाया कीर्तिमान

**काठमांडू।** नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय ने सोमवार को एक साथ 73 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में शामिल करके नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने का दावा भी पेश किया है।

त्रिभुवन विश्वविद्यालय से आबद्ध 5 अध्ययन संस्थानों, 4 विभिन्न संकायों और विश्वविद्यालय से संबद्ध अन्य शिक्षण संस्थानों से अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले 73 हजार 749 छात्र-छात्राओं को आज प्रमाणपत्र दिए गए। काठमांडू के दशरथ रंगशाला में आयोजित 49वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ह्यप्रचंडह्न ने छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरण किये। इस समारोह के कारण कार्यक्रम स्थल के आसपास का ट्रैफिक दिनभर अस्त-व्यस्त रहा।



विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक पुष्पराज जोशी ने बताया कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अतिविशिष्ट व्यक्तियों के हाथों से 12,415 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान दिए गए। पिछले कुछ वर्षों से त्रिभुवन विश्वविद्यालय सालाना लगभग 50 से 60 हजार छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में शामिल करता रहा है। इस बार विश्वविद्यालय ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के उद्देश्य से 73 हजार छात्र-छात्राओं को एक साथ दीक्षांत समारोह में शामिल कराया।

परीक्षा नियन्त्रक जोशी ने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक छात्र-छात्राओं को एक साथ दीक्षांत समारोह में सहभागी कराने वाले विश्वविद्यालय ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में आवेदन किया। उन्होंने बताया कि समारोह में गिनीज बुक के प्रतिनिधियों ने स्वयं उपस्थित होकर इसका मूल्यांकन किया है।

## कराची में गैस सिलेंडर विस्फोट से इमारत ढही, तीन की मौत, 10 घायल




**कराची।** कड़ाके की ठंड का सामना कर रहे पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में सोमवार को गैस सिलेंडर विस्फोट से एक आवासीय इमारत ढह गई। इस हादसे में कम से कम तीन लोगों के मारे जाने और 10 से अधिक घायलों को अस्पताल पहुंचाने की सूचना है।

पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डान के अनुसार यह हादसा दोपहर बाद कराची की मच्छर कॉलोनी में बैत-उल-मुकर्रम मस्जिद के पास एक आवासीय इमारत के भूतल पर गैस सिलेंडर की दुकान के अंदर हुआ। गैस सिलेंडर विस्फोट के बाद चीख-पुकार मच गई। राहत और बचाव कार्य चल रहा है।

कुछ और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। पुलिस अधिकारी डॉ. सुम्मैया सैयद ने हताहतों और घायलों की संख्या की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि दो घायलों की हालत गंभीर है।

## अमेरिका का इजराइल से संयम बरतने का आह्वान, नेतन्याहू ने 'अंत तक लड़ने' की कसम खाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने इजराइल से गाजा पट्टी में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के साथ छिड़े युद्ध में संयम बरतने का आह्वान किया है। अमेरिका के इस दबाव से इजराइल बेफ्रिक है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया को साफ-साफ संदेश दिया है। उन्होंने गाजा में 'अंत तक लड़ने' की प्रतिज्ञा दोहराई है।

## बांग्लादेश में पहाड़ी पर मिला बंदूक बनाने का कारखाना, चार गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में हिंसा की आशंका के मद्देनजर अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए शुरू किए गए रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। आरएबी ने कॉक्स बाजार के रामू उपजिला के अंतर्गत ईदगढ़ के तुलाटाली क्षेत्र में एक पहाड़ी के अंदर हथियार बनाने का कारखाना खोजा। यहां से चार लोगों को गिरफ्तार कर आग्नेयास्त्रों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जब्त की।

बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, चुनाव आयोग के आदेश पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने देशव्यापी अभियान शुरू किया है। 23 दिवसीय यह अभियान 24 दिसंबर को पूरा होगा। आरएबी को कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान यह सफलता मिली। यह गिरोह देशभर में हथियार की आपूर्ति करता है। कारखाने से गिरफ्तार किए गए लोगों में साहबुद्दीन (40), लाल मिया (58) मेनुद्दीन (43) और जफर आलम (41) शामिल हैं। कारखाना का मालिक और मुख्य हथियार मैकेनिक मनिउल हक भूमिगत हो गया है। आरएबी-15 कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एचएम सजाद होआसिन के अनुसार यह अपराधी गिरोह लंबे समय से अवैध रूप से आग्नेयास्त्रों का निर्माण कर उन्हें बदमाशों को बेच रहा था। यह कारखाना सुदूर पहाड़ी पर था। हथियार बनाने वाले भनक मिलते ही जंगलों में छिप जाते थे। प्राथमिक पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने स्वीकार किया कि उनके पिता और चाचा भी अवैध आग्नेयास्त्रों के निर्माण और बिक्री में शामिल थे। अखबार के अनुसार बांग्लादेश पुलिस ने नौ दिसंबर को सूचीबद्ध असलहा मैकेनिकों और व्यापारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस साल जनवरी और नवंबर के बीच देशव्यापी अभियान में 642 अवैध आग्नेयास्त्र बरामद कर 311 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# भूटान नरेश ने गेलेफू शहर परियोजना का किया अनावरण

## - भारतीय सीमा से दक्षिण पूर्व एशिया तक के आर्थिक गलियारे के निर्माण में होगी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

**थिंपू।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने सोमवार को गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना का अनावरण किया। यह भारत से दक्षिण पूर्व एशिया तक 1000 वर्ग किमी (2,50,000 एकड़) में फैली है। गेलेफू स्पेशल एडमिनिस्ट्रेशन रीजन से पूरे भूटान को लाभ मिलने के साथ ही यहां की सड़कों, पुलों और हवाई अड्डों जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी।

भूटान नरेश वांगचुक ने कहा कि गेलेफू की कल्पना आर्थिक केंद्र से कहीं अधिक है। यह भूटान को दुनिया से जोड़ने और देश के भविष्य को आकार देने वाला प्रवेश द्वार बनने की स्थिति में है। इसका लक्ष्य निवेश आकर्षित करना, व्यापार बढ़ाना और रोजगार पैदा करना है। यह गेलेफू या सैमड्रुप जोंगखार से असम और पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को जोड़ते हुए म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम, मलेशिया और सिंगापुर तक फैला हुआ है। यह एक ऐसा आर्थिक गलियारा बनाता है, जो दक्षिण एशिया को दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ता है।

वांगचुक ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि मेरी हाल की



यात्रा के दौरान भारत सरकार ने भूटान की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कों के सुधार और विस्तार के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने हमारे दो या तीन सीमावर्ती शहरों को रेलवे लाइनों से जोड़ने का भी वादा किया है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार को उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। गेलेफू विशेष प्रशासनिक क्षेत्र (एसएआर) की कल्पना एक स्वायत्त आर्थिक केंद्र के रूप में की गई है, जो आवश्यक कानूनों और नीतियों को आकार देने के अधिकार से संपन्न है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।